दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 । अंक: 215 — जयपुर, रविवार, 14 जुलाई, 2024 । आषाढ़, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2081 — पृष्ठ: 10 । मूल्य: 2.00



**प्रदेश कार्यसमिति बैठक:** शरीक हुए मुख्यमंत्री, मंत्रियों के साथ ही करीब आठ हजार पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि

# अब या तो गैंगस्टर आएगा ही नहीं और आएगा तो बचकर जाएगा नहीं: शर्मा

■ सीएम बोले-पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में बोलबाला था गैंगस्टर्स का ■ बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी पहुंचीं

■ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनावों में विदेशी ताकतों का दखल रहा

■ लोकसभा चुनावों में परफॉर्मेंस की समीक्षा के साथ विधानसभा उपचुनावों में जीत की रणनीति भी बनाई

**बेधड़क।** जयपुर

भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शनिवार को सीतापुरा स्थित जेईसीसी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्रियों के साथ ही करीब आठ हजार भाजपा पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं, केंद्र की ओर से मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बनने के बाद शांति का माहौल है। पूर्ववर्ती सरकार में प्रदेश में गैंगस्टर्स का बोलबाला था, अब या तो गैंगस्टर आएगा नहीं और आएगा तो बचकर जाएगा नहीं। शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं आपके बीच में से ही आया हूं। विधायक दल की बैठक में जब सीएम के लिए मेरा नाम बोला गया तो एक बार मुझे भी समझ में नहीं आया कि यह क्या हुआ। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी संगठन की नजर में हैं।

**कम सीटें आने के पीछे विदेशी हाथ :** मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लोस चुनाव में हमारी सीटें कम होने के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ है। यह सच है कि हमारे विरोधियों में विदेशी ताकतें भी शामिल हैं, जो चाहती हैं कि देश में भाजपा सरकार किसी भी सूरत में नहीं रहे।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान



भाजपा महासचिव दुष्यंत गौतम

### मुख्यमंत्री से चौहान और गौतम ने की शिष्टाचार भेंट

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के महासचिव दुष्यंत गौतम ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच केंद्र और राज्य सरकार की कृषक कल्याणकारी योजनाओं और कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को राज्य सरकार द्वारा कृषक कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार के राज्य बजट में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण के लिए 96 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है। इस अवसर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी उपस्थित रहे।

### किसी पर 1 अंगुली उठाएं तो चार अपनी तरफ उठती हैं : सहस्रबुद्धे

राजस्थान भाजपा के चुनाव प्रभारी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सहस्रबुद्धे ने कहा कि विदेशी ताकतों के कारण इस चुनाव में हमें कम सीटें मिली हैं, क्योंकि विदेशों में बैठे कुछ लोगों के हित मोदी सरकार की नीतियों के चलते प्रभावित हो रहे थे। वह चाहते थे कि देश में पुरानी सरकार बने और यही वजह है कि इस चुनाव परिणाम में उनका असर देखने को मिला। उन्होंने कहा कि देश में 60-65 सीटें कम आई हैं। उसकी हम सभी को पीड़ा है, लेकिन हम आत्मचिंतन करते हुए इसका ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ने लगते हैं। हमें यह सोचना होगा कि जब हम किसी पर अंगुली उठाते हैं तो शेष चार अंगुलियां हमारी तरफ उठती हैं। बता दें कि लोकसभा चुनावों में भाजपा राजस्थान की 25 में से 11 सीटें हार गई थी।

### राजे ने भी लिया बैठक में भाग

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी पहुंची। भाजपा कार्यसमिति की बैठक से पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पार्टी के महासचिव दुष्यंत गौतम, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल, और भागीरथ चौधरी का प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश इकाई के अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। राजस्थान सरकार के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम माथुर और राजेंद्र राठौड़ कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद रहे।

### बाबा साहब का अपमान किया: मेघवाल

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि बाबा साहब को चुनाव हराने का काम कांग्रेस ने किया। चुनाव हराकर कांग्रेस ने उनका अपमान किया। यह नरेटिव इस प्रदेश कार्य समिति से फील्ड में जाना चाहिए। सोशल मीडिया के जरिए कार्यकर्ताओं को इसे लोगों तक पहुंचाना चाहिए।

### लोगों ने देखा डेवलपमेंट का बजट: यादव

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि जब एक कार्यकर्ता किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनता है तो किस तरह से ट्रांफॉर्मेशन और डेवलपमेंट का बजट पेश किया जाता है। यह लोगों ने राजस्थान में देखा है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**7 राज्यों की 13 सीटों पर उपचुनाव के परिणाम**

## कांग्रेस 4, टीएमसी 4, भाजपा 2, आप, डीएमके और निर्दलीय ने 1-1 सीटें जीती

**बेधड़क।** दिल्ली/ जयपुर

लोकसभा चुनाव के बाद 7 राज्यों की खाली हुई 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आ गए है। उपचुनाव में भी भाजपा को जोर का झटका लगा है। पार्टी 13 में से महज 2 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई है। अब तक चुनाव आयोग की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक सबसे



ज्यादा 4-4 सीटों तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। वहीं, शनिवार को मध्य प्रदेश और बिहार समेत 7 राज्यों की 13 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव के नतीजे आए। इन सभी सीटों पर 10 जुलाई को वोटिंग हुई थी। इन इन 13 में भाजपा के पास 3, कांग्रेस के पास 2, टीएमसी के पास 1, जेडीयू 1, आप 1, डीएमके 1, बीएसपी 1 व निर्दलीय की 3 सीटें थीं। अब भाजपा को 2, कांग्रेस को 4, टीमएसी को 4 व आप को 1 सीट मिली है।

-पेज 7 पर भी देखें

**देश के पहले स्काई डाइविंग एडवेंचर स्पोर्ट्स की केंद्रीय मंत्री शेखावत ने की शुरुआत**

## केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत की 13 हजार फुट से डाइव

**बेधड़क।** जयपुर

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने नारनौल (हरियाणा) में देश के पहले स्काई डाइविंग एडवेंचर स्पोर्ट्स की शुरुआत की। ट्रेनर के साथ उन्होंने खुद टैंडम स्काई डाइविंग करते हुए 13 हजार फीट की ऊंचाई से जंप लगाया। मीडिया से बात करते हुए शेखावत ने कहा कि यह एयर स्पोर्ट अब पहली बार इंडिया में शुरू हो चुका है यह देश के लिए ऐतिहासिक दिन है। अब विदेशों में जाने के बजाय देशवासी यही इसका लुत्फ उठा सकेंगे। केंद्रीय मंत्री ने एडवेंचर का लुत्फ उठाते हुए कहा- यह मेरे लिए रोमांचकारी क्षण था।



### देश का पहला सेंटर

भारत में पहली बार हरियाणा के नारनौल में शनिवार को स्काई डाइविंग डे के दिन इस सुविधा को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नारनौल की हवाई पट्टी पर पहले एयरक्राफ्ट वीटी-एसबीएस को हरी झंडी दिखा कर शुरू किया। इसके बाद खुद भी टैंडम स्काई डाइविंग का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर शेखावत ने कहा कि भारत ने भी एयर स्पोर्ट की दुनिया में कदम रख दिया है। लोग दुबई और सिंगापुर जाकर एयर स्पोर्ट्स का लुत्फ लेते हैं, अब उन्हें ये सुविधा यहीं मिलेगी, उन्हें विदेश नहीं जाना पड़ेगा। शेखावत ने कहा कि भारत में पर्यटन का क्षेत्र विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होता जा रहा है। जमीन से आसमान तक बाहें फैलाकर हम पर्यटकों को आमंत्रित कर रहे हैं।

### भारत ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदा



**हरारे।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 93* के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल 58* की बदौलत भारत ने शनिवार को चौथे टी20 मैच में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी हुई। जिम्बाब्वे ने जीत के लिए 153 रन का लक्ष्य दिया था। जो भारत ने बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया।

**प्रदेश में मौसम का हाल**

## 20 जिलों में झमाझम... 12cm बढ़ा बीसलपुर का जलस्तर

**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश में बारिश का दौर लगातार जारी है। प्रदेश के 20 जिलों में शनिवार को भी मेघगर्जन के साथ झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग ने आगामी 2 दिन राजधानी जयपुर, अलवर, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, झालावाड़, झुंझुनूं सहित 20 जिलों में रविवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मानसून की ट्रफ लाइन अब शिफ्ट होकर उत्तर



भारत की तरफ चली गई है। इसके कारण प्रदेश में 14 व 15 जुलाई को बारिश की गतिविधियां कम रहेंगी। 16 जून से एक बार फिर से मानसून एक्टिव होगा और तेज बारिश का दौर शुरू होगा।

### बारिश को तरसा थार

प्रदेश का थार क्षेत्र मानसून की बारिश को तरस गया है। बिना मानसून जून महीने में हुई दो-तीन बारिश से बाड़मेर को काफी राहत मिली थी, लेकिन मानसूनी सीजन में इस क्षेत्र में बारिश दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। सुबह घने बादल आते हैं, लेकिन 9 बजे तक छंट जाते हैं। इसके बाद दिन में तेज धूप और दोपहर बाद तो गर्म हवा के थपेड़ों से आमजन बेहाल हो रहा है। यह सिलसिला पिछले काफी दिनों से चला आ रहा है। मौसम विभाग की मानें तो बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में तीन दिन तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, 16 जुलाई से मौसम में बदलाव और हल्की बारिश की संभावना जताई है।

### जयपुर के लिए खुश खबरी

टोंक जिले में शनिवार सुबह 8 बजे तक बीते 24 घंटे में औसत 36.37 एमएम बारिश दर्ज हुई। इससे बीसलपुर बांध का जल स्तर भी इस सीजन में दूसरी बार 12 घंटे में 12 सेमी बढ़ा है। बीसलपुर बांध का जलस्तर शनिवार सुबह 6 बजे तक 310.21 आरएल मीटर पहुंच गया है, जबकि शुक्रवार शाम 6 बजे तक इस बांध का जलस्तर 310.9 आरएल मीटर था। मौसम केंद्र जयपुर की मानें तो उत्तर-पूर्वी राजस्थान के ऊपर एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है और मानसून ट्रफ लाइन जैसलमेर, कोटा से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से रविवार को भी जोधपुर, उदयपुर, कोटा, जयपुर, अजमेर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां होने की संभावना है। 11 जुलाई से मानसून ट्रफ लाइन के हिमालय की ओर शिफ्ट होने से में बारिश की गतिविधियों में कमी होने की संभावना है।

## जरूरी खबर

### राज्यपाल कटारिया ने की पुराने दोस्तों से मुलाकात



**उदयपुर।** असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया मेवाड़ के दौरे पर हैं। शनिवार को कटारिया जिले के झाड़ोल ग्राम पहुंचे, जहां करीब 55 साल पहले उन्होंने बतौर शिक्षक अपने करियर की शुरुआत की थी। वहीं, इस दौरान उन्होंने अपने पुराने दोस्तों से मुलाकात की और छात्रों से संवाद किया। साथ ही कटारिया अपने साथियों के साथ गीत गाते नजर आए। दरअसल, साल 1970 में झाड़ोल के विद्यापीठ स्कूल में से उन्होंने बतौर शिक्षक अपने करियर की शुरुआत की थी। वो यहां तीन साल तक बच्चों को पढ़ाए और फिर उसके बाद सियासत में आ गए। वहीं, झाड़ोल स्थित अपने फार्म हाउस पर आयोजित स्नेह मिलन समारोह में उन्होंने अपने पुराने छात्रों संग संवाद किया। इस कार्यक्रम में उनके पढ़ाए पुराने सभी छात्र शामिल हुए।

### कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल आज सीकर आएंगे

**सीकर।** केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुनराम मेघवाल रविवार को सीकर आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह ने बताया कि केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री मेघवाल जयपुर से 14 जुलाई को जयपुर से प्रातः 10 बजे प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे बऊ पहुंचेंगे तथा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री मेघवाल बऊ दोपहर 1.30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### मछली पालन की दुर्गंध से श्रद्धालुओं को परेशानी



**चाकसू।** कस्बें के पवित्र सरोवर मनोहरा तालाब में मछली पालन के लिए टेंडर देने के विरोध में लोग उतर आए है। मछली पालन के लिए तालाब में मछली डालने आए ठेकेदार के लोगों को कस्बेवासियों ने रोक दिया और जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। सूचना पर पुलिस और पालिका प्रशासन मौके पर पहुंचा और समझाइश की। विरोध कर रहे स्थानीय लोगों ने बताया कि कस्बे में मनोहरा तालाब स्थित है। जहां इसके चारों ओर कई मंदिर भी है। श्रद्धालु तालाब में कई धार्मिक परंपराओं का निर्वहन भी करते है। मछली पालन के लिए डाली जाने वाली मछलियों से यहां दुर्गन्ध मय वातावरण बना रहता है। जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती है।

## जयपुर एयरपोर्ट पर किए जा रहे हैं विभिन्न विकास कार्य, यात्रियों मिलेगी सुविधा

# 6 हजार करोड़ रुपए से जयपुर एयरपोर्ट की होगी कायापलट

बेधड़क | जयपुर

जयपुर एयरपोर्ट की जल्द ही कायापलट होने वाली है। इसके बुनियादी ढांचे के विकास पर 6 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह निवेश चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। जयपुर एयरपोर्ट पर टर्मिनल तीन का भवन बनाया जाएगा।

इस राशि का उपयोग एक विस्तृत मास्टर प्लानिंग के तहत एयरपोर्ट की सुरक्षा, यात्री सुविधा और सहित अन्य उपयोग के लिए किया जाएगा। एयरपोर्ट पर टर्मिनल भवन तीन के अलावा मौजूदा टर्मिनल 1 और टर्मिनल 2 पर नए बुनियादी ढांचे को विकसित किया जाना है। एयरपोर्ट प्रवक्ता अभिषेक गौड़ ने बताया कि 2027 तक जयपुर एयरपोर्ट पर सालाना यात्री भार 9.8 मिलियन पहुंचने की उम्मीद है। नया टर्मिनल भवन बढ़ते यात्री भार में मदद करेगा।




### ये होंगे विकास कार्य

एयरपोर्ट पर एक एकीकृत कार्गो टर्मिनल, नए टैक्सी वे, एप्रन और एक रैपिड एग्जिट टैक्सीवे (आरईटी) भी बनना प्रस्तावित हैं। डिजीयात्रा, यात्री वाई-फाई और अन्य आईओटी-आधारित यात्री सुविधाओं जैसी पहल से यात्री अनुभव में वृद्धि होगी और निर्बाध यात्रा संभव होगी। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग, उच्च ग्लोबल वार्मिंग क्षमता (जीडब्ल्यूपी) रेफ्रिजरेंट से कम जीडब्ल्यूपी वाले रेफ्रिजरेटर में बदलाव, और बिचून में एक मिनी जंगल का विकास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर एयरपोर्ट पर टर्मिनल 2 के नवीनीकरण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। इसके तहत बेहतर यात्री अनुभव के लिए अतिरिक्त बोर्डिंग गेट, प्रवेश द्वार, अतिरिक्त बैठने की जगह, बैग के तेजी से प्रसंस्करण के लिए बैगेज हैंडलिंग सिस्टम (बीएचएस) की तैनाती और समर्पित पिकअप और ड्रॉप-ऑफ जोन का निर्माण किया जाएगा। एयरपोर्ट पर कार्गो परिचालन आर्थिक विकास को गति प्रदान करता है। 22,500 मीट्रिक टन की वार्षिक क्षमता वाले इंटीग्रेटेड कार्गो कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी प्रस्तावित है, इससे विकास के अवसर बढ़ेंगे।

### विमान के टर्नअराउंड समय में कमी आएगी

गौड़ के अनुसार विकास कार्यों के तहत 5,000 केएल क्षमता वाले फ्यूल (ईंधन) फार्म के निर्माण से विमान के टर्नअराउंड समय में कमी आएगी, इससे हवाई अड्डे के संचालन में दक्षता आएगी। नए टैक्सीवे और एप्रन के साथ-साथ रैपिड एग्जिट टैक्सीवे (आरईटी) के निर्माण से दक्षता में और वृद्धि होगी जो विमान को कम से कम समय और दूरी में रनवे खाली करने में सक्षम बनाएगी। हवाई अड्डे का संचालन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अक्टूबर 2021 में 50 वर्षों के कार्यकाल के लिए जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को सौंप दिया गया था। इसमें मौजूदा परिसंपत्ति का हस्तांतरण और चल रहे पूंजीगत कार्य शामिल हैं। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को यात्री सुविधा के लिए सर्वोत्तम श्रेणी के सुरक्षा मानकों और सेवाओं का पालन करना अनिवार्य है। इसी आधार पर एक मास्टर प्लान बनाया और यात्री सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक कुछ पूंजीगत कार्यों की पहचान की।

## प्रिंसिपल से ग्रेड थर्ड तक के टीचर्स कर सकेंगे आवेदन

# इंग्लिश मीडियम टीचर बनने के लिए लाने होंगे 40% मार्क्स

बेधड़क । जयपुर

प्रदेश के 3737 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में खाली पदों को भरने के लिए शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। इसमें लिखित एग्जाम में 40 मार्क्स लाने होंगे, इसके बाद मेरिट के आधार पर सिलेक्शन होगा। इसके साथ ही सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से उनके जिले में रिक्त पदों की रिपोर्ट सौंपने को कहा है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी के अनुसार, सरकारी स्कूलों में कार्यरत प्रिंसिपल से ग्रेड थर्ड तक के टीचर्स इन स्कूलों में जाने के लिए अप्लाई कर सकेंगे। 15 जुलाई से 22 जुलाई तक शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन का लिंक जारी कर दिया जाएगा।

### 3737 स्कूलों के लिए होंगी भर्तियां




### 50 जिलों से मांगे आवेदन

माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसमें 12 पदों पर आवेदन मांगे गए हैं। इसके साथ ही 50 जिलों में प्रिंसिपल, लेक्चरर, विभिन्न विषयों के सीनियर टीचर्स, सीनियर पीटीआई, लाइब्रेरियन ग्रेड सेकेंड, सीनियर लैब असिस्टेंट, लेवल वन और टू के टीचर, ग्रेड थर्ड पीटीआई, कम्प्यूटर टीचर, इंस्ट्रक्टर, लाइब्रेरियन ग्रेड थर्ड और लैब असिस्टेंट के खाली पदों को भरा जाएगा। जो टीचर पहले से शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं, उनको ही इन पदों पर आवेदन का अवसर मिलेगा। हालांकि, नव नियुक्त टीचर्स को लेकर आदेश में स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

### जिला शिक्षा अधिकारी से मांगी खाली पदों की जानकारी

वहीं खाली पदों के लिए माध्यमिक शिक्षा के संयुक्त निदेशक रमेश हर्ष ने बताया कि राज्य भर में रिक्त पदों की जानकारी ली जा रही है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। इसमें उनके जिले में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में खाली पदों की संख्या को लेकर जानकारी दी जाएगी। हमारा प्रयास रहेगा कि सभी रिक्त पदों को भर दिया जाए। बता दें कि लिखित एग्जाम के बाद मेरिट के आधार पर ही इन पदों को भरा जाएगा। इसमें 40 से ज्यादा मार्क्स लाने वाले टीचर्स की काउंसिलिंग के बाद पोस्टिंग दी जाएगी। बता दें कि यह अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के जरिए टीचर्स को गृह जिले में ट्रांसफर का अवसर भी मिल रहा है।

### ये कर सकते हैं आवेदन

प्रिंसिपल पद के लिए कोई भी प्रिंसिपल किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकता है। सभी पचास जिलों में उनके लिए पद उपलब्ध है। सीनियर टीचर, सीनियर लाइब्रेरियन, सीनियर कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर और इनके समकक्ष पदों के लिए एक मंडल के सभी जिलों में आवेदन किया जा सकता है। वहीं ग्रेड थर्ड टीचर्स और इसके समकक्ष पद के लिए राज्य के किन्हीं भी 5 जिलों में आवेदन कर सकते हैं।

### गृह जिले में मिलेगा नौकरी का अवसर

जो टीचर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ाने की योग्यता रखते हैं, उन्हें अपने गृह जिले में जाने का अवसर मिल गया है। ऐसे टीचर्स अपने गृह जिले को प्रथम वरीयता और अन्य निकटवर्ती जिलों को दूसरी से पांचवीं तक की वरीयता देते हुए आवेदन कर सकते हैं। पिछली बार जब सरकार ने महात्मा गांधी स्कूल के पद इसी तर्ज पर भरे तो बड़ी संख्या में टीचर्स अपने गृह जिलों में पहुंच गए थे। प्रोबेशन पीरियड वाले टीचर्स आवेदन कर सकेंगे या नहीं? इस बारे में आदेश में कुछ भी नहीं कहा गया है। आमतौर पर प्रोबेशन पीरियड में ही टीचर्स को दूरस्थ जिलों में रहना पड़ता है। अगर चयन होता है तो वो टीचर्स भी अपने गृह जिलों में आ सकते हैं।

## प्रदेशभर से आएगा एसीबी का स्टाफ

# ACB का स्थापना दिवस कल, भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया जाएगा संदेश



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान एसीबी 15 जुलाई को पहली बार अपना स्थापना दिवस मनाएगी। इसको लेकर शनिवार को एसीबी डीजी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को बिड़ला सभागार में एसीबी का स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें राज्यपाल कलराज मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

साथ ही मुख्य सचिव सहित और पूर्व डीजी एसीबी सहित अन्य हस्तियां भी शामिल होंगी। डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि इस समारोह के माध्यम से समाज में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत संदेश भी दिया जाएगा। ऐसे कार्यक्रमों से स्टाफ में आपसी सामंजस्य और टीम वर्क को बढ़ाने में मदद मिलती है। वहीं सूचना तंत्र को बढ़ाने में मजबूती हासिल होगी। वहीं स्टाफ एक-दूसरे से मोटिवेट करेंगे। इस अवसर पर सरकारी अधिकारियों, भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी एवं प्रतिष्ठित नागरिकों एवं एसीबी राजस्थान टीम के सदस्य मौजूद रहेंगे।

प्रदेश भर की सभी एसीबी चौकियों में एसीबी स्थापना दिवस के कार्यक्रम 15 जुलाई से 19 जुलाई तक जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। एडीजी एसीबी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर सभी चौकियों से एसीबी के अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इस दिन एक सम्पर्क सभा का भी आयोजन किया जाएगा। जिस में चौकी इंचार्ज से लेकर अन्य पुलिसकर्मी काम में हो रही परेशानी को लेकर चर्चा करेंगे। डीजी एसीबी इन सभी से उनकी परेशानी और आवश्यकता जानेंगे।

# शिक्षा सचिव ने किया शिक्षा निदेशालय का निरीक्षण



स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल शनिवार को बीकानेर पर रहे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा निदेशालय में निरीक्षण किया, अधिकारियों के साथ मीटिंग की और बाद में अंध विद्यालय पहुंचकर दिव्यांग स्टूडेंट्स के साथ भोजन किया।

मीटिंग के दौरान उन्होंने अधिकारियो को निर्देश दिए कि अनुकंपा नियुक्ति जैसे मुद्दों पर संवेदनशील होकर काम करें। शिक्षा सचिव के साथ मीटिंग में माध्यमिक व प्रारम्भिक शिक्षा के निदेशकों के साथ ही संयुक्त निदेशक, उप निदेशक और जिला शिक्षा अधिकारी स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। छुट्टी के दिन निदेशालय में पूरी तरह चहल पहल रही। इससे पहले कुणाल ने निदेशालय के मुख्य द्वार के पास बने समाधान कक्ष की विजिट की। जहां बताया गया कि बाहर से आने वाले कर्मचारी या अभ्यर्थी को यहीं से बताया जाता है कि उसे अब कहां जाना है। किससे मिलना है। इस पर कुणाल ने कहा कि ऐसे कर्मचारी व अभ्यर्थी की समस्या सुनने के बाद उसके समाधान तक उसे रिपोर्ट भी करना चाहिए। शिक्षा सचिव ने बैठक में अधिकारियों को संवेदनशील हो कर कार्य करने तथा समयबद्ध निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए है। अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणो में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। शाला दर्पण पर सेवा समाप्ति आदेश, शोध अनुज्ञा अनुमति तथा स्वैच्छिक सेवानिवृति आदेश के माड्यूल का शुभारम्भ किया गया।

शिक्षा सचिव ने अंध विद्यालय में डे स्कालर बच्चों के अभिभावको के साथ बात कर उनका फीड़बेक जाना। विद्यार्थियों के कक्षा अध्ययन को जाना कि कैसे विद्यार्थी ब्रैल के माध्यम से अथध्ययन कर रहे हैं। विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रसन्नता को अभिव्यक्त किया। विभिन्न सहायक सामग्री की आपूर्ति व गुणवत्ता भी देखी। उनके साथ अवलोकन के समय निदेशक माध्यमिक आशीष मोदी तथा प्रारंभिक सीताराम जाट भी थे। अधिकारियों ने स्टूडेंट्स के साथ बैठ कर दोपहर भोजन भी लिया गया।

## सीवर लाइन में धंसी थार



फोटो: राजेश कुमावत

*जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर में विकास के काम जोरों पर चल रहे हैं। वंदे मातरम मार्ग से वीटी रोड पत्रकार कॉलोनी रोड़ पर पिछले दिनों सड़क खोदकर सीवर लाइन डाली गई थी। अब बरसात के बाद रोजाना सीवर लाइन कहीं ना कहीं धंस रही है। इससे वाहन चालकों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। शनिवार की देर रात आई बारिश के बाद पत्रकार कॉलोनी रोड पर जा रही थार गाड़ी पानी के बहाव में नवनिर्मित सीवर लाइन में धंस गई, वाहन चालक ने जितना गाड़ी को निकालने का प्रयास किया उतनी ही गाड़ी धंसती गई।*

## खान सचिव ने अधिकारियों को दिए रोडमैप के निर्देश

# तीन तरह से लागू की जाएंगी बजट घोषणाएं: आनंदी

बेधड़क | जयपुर

खान व भूविज्ञान विभाग की सचिव आनन्दी ने कहा है कि विभागीय बजट घोषणाओं की रोडमैप बना कर मिशन मोड़ पर क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में माइंस सेक्टर के सभी पहलूओं का समावेश करते हुए बजट घोषणाएं की गई है और इससे प्रदेश में खनिज खोज-खनन कार्य को नई दिशा मिलेंगी व राजस्व व रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। खान सचिव आनन्दी शनिवार को डीएमजी भगवती प्रसाद कलाल के साथ बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में उदयपुर में खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ले रही थी। उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बजट घोषणाओं को तीन भागों में चिन्हित किया गया है। एक वह घोषणाएं जिनके क्रियान्वयन पर वित्तीय भार नहीं पड़ेगा और विभागीय स्तर पर ही परीक्षण कर प्रशासनिक व विधिक आदेश जारी किए जा सकते हैं। दूसरी वह घोषणाएं जिनके लागू करने पर सरकार पर वित्तीय भार तो नहीं पड़ेगा पर वित्त व कार्मिक आदि अन्य विभागों से सहमति ली जानी होगी।




उन्होंने कहा कि तीसरी कैटेगरी में वह घोषणाएं हैं जिनको लागू करने पर सरकार पर वित्तीय भार पड़ेगा। आनन्दी ने कहा कि तीनों कैटेगरी की सभी घोषणाओं का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई तत्काल शुरु कर दी जाएं।

### कमेटी प्रभारियों को देनी होगी रिपोर्ट

राज्य सरकार की बजट घोषणा में सीएनजी पर वेट कम करने की घोषणा का क्रियान्वयन करते हुए आरएसजीएल के स्टेशनों पर कल रात से ही सीएनजी की दरों को कम कर बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन शुरु कर दिया है। निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की तीन कमेटियां बना दी गई है। कमेटी प्रभारियों को सभी पहलूओं पर अध्ययन कर तत्काल रिपोर्ट देने को कहा गया है ताकि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### इन्होंने की शिरकत

बैठक में एडीएम एमपी मीणा, दीपक तंवर, महेश माथुर, पीआर आमेटा, वित्तीय सलाहकार गिरिश कछारा, एसएमई कमलेश्वर बारेगामा, ओपी काबरा, एनके बैरवा, एनएस शक्तावत, जय गुरुबख्सानी, सीनियर एओ मयंक व्यास, एसीपी जयेश निनामा, एमई जिनेश हुमड़, अंसारी, प्रोगामर दीप्ति पाण्डेय आदि ने सुझाव दिए।

# लोक अदालत के तहत 45 प्रकरण निस्तारित

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर राजस्व मंडल के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार राजस्व मंडल के स्तर पर गठित बेंच के माध्यम से शनिवार को 45 प्रकरणों का निस्तारण किया जा सका। लोक अदालत का मण्डल परिसर में दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर राजस्व मंडल सदस्य(न्यायिक) राजेश दड़िया व श्रवणकुमार बुनकर की बेंच ने आपसी समझाइश योग्य 186 सूचीबद्ध प्रकरणों में से 45 में मौके पर ही राहत प्रदान की जा सकी। लोक अदालत का शुभारंभ सदस्य राजेश दड़िया, सदस्य श्रवण कुमार बुनकर अतिरिक्त निबन्धक प्रिया भार्गव, राजस्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बराड़, सचिव भींयाराम चौधरी, अभिभाषक करणसिंह रावत सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं अभिभाषकगण की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर किया गया। लोक अदालत के सफल आयोजन में राजस्व मंडल के अधिकारियों, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अभिभाषकगण व मंडल की न्याय शाखा, स्टोर शाखा सहित मंडल अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## जरूरी खबर

### गोरखधंधा शब्द के गलत उपयोग का किया विरोध



**जयपुर।** सामुदायिक भवन झालाना संस्थान में शुक्रवार को नाथ योगी समाज की एक मीटिंग टा. आरपीएस हुकुम सिंह की अध्यक्षता और अनिल योगी की संयोजकता में आयोजित की गई। मीटिंग में अलवर से लोकसभा प्रत्याशी करनाल निवासी प्रदीप योगी मुख्य अतिथि और नाथयोगी समाज के युवा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी सहित प्रदेश भर से आए 200 युवाओं ने भाग लिया। मीटिंग में 4 जुलाई 2024 को बांदीकुई विधायक भागचंद द्वारा एमएससी कार्यों के लिए गोरखधंधा शब्द के प्रयोग का विरोध करते हुए सरकार से उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। साथ ही विधानसभा की कार्यवाही से उस अंश को हटाए जाने की भी मांग की गई। सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली तो आंदोलन उग्र किया जाएगा।

### ACB के स्थापना दिवस पर पूर्व डीजी का होगा सम्मान

**जयपुर।** राजस्थान एसीबी पहली बार अपना स्थापना दिवस 15 जुलाई को मनाएगी। इस संबंध में शनिवार को डीजी एसीबी ने मीडिया को बताया कि बिड़ला सभागार में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, पूर्व डीजी एसीबी को सम्मानित किया जाएगा। डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि इस समारोह के माध्यम से समाज में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत संदेश भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा किया जाएगा। एडीजी एसीबी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि स्थापना दिवस पर सभी चौकियों से एसीबी के अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दिन एक सम्पर्क सभा भी होगी जिसमें पुलिसकर्मी काम में हो रही परेशानियां बताएंगे।

नगर निगम की बैठक में सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा

# हेरिटेज के रैन बसेरों में लगाई जाएगी खुशियों की दुकान

**बेधड़क** | जयपुर

रेलवे स्टेशन रोड पर संचालित 'खुशियों की दुकान' अब सभी जोन क्षेत्र के रैन बसेरों में खोली जाएंगी। वहीं, वर्षा काल में उद्यान शाखा अधिक से अधिक पौधे लगाएगी। इसके साथ ही निशुल्क पौधे वितरण करने के कार्यक्रम को भी गति दी जाएगी। ये निर्णय हेरिटेज निगम में शनिवार को हुई समीक्षा बैठक में लिए गए। इस दौरान जिसमें सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सभी जोन उपायुक्त, मुख्यालय अधिकारी, अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता, फायर शाखा के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में निगम अधिकारियों को पेंडिंग कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।



### योजनाओं का अधिकांश लोगों को मिले लाभ

आयुक्त सुराणा ने पीएम स्वनिधि सहित अन्य केन्द्रीय योजनाओं में आमजन को अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने के निर्देश दिए। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगों को जोड़ा जाए। इसके अलावा निगम की आय बढ़ाने के लिए प्रॉपर्टी सर्वे के कार्य को गति देने के निर्देश दिए।

### अधिक से अधिक पौधे लगाएं

आयुक्त ने पौधरोपण की दिशा ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने को कहा। उन्होंने बाजारों में पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। इसके लिए व्यापार मंडलों के साथ मिलकर अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा गार्डन में आमजन को पौधों के साथ जल्द ही कंपोस्ट खाद्य वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हिंगोनिया गौशाला और गार्डन में बनी कंपोस्ट खाद को गार्डन (जहां पौधा वितरण किए जा रहे हैं) में रखवाए। होम कंपोस्टिंग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक वार्ड में अधिक से अधिक घरों में होम कंपोस्टिंग के लिए जागरूक किया जाए।

### ओपन डिपो करें खत्म

आयुक्त सुराणा ने सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक को ओपन कचरा डिपो खत्म करने के निर्देश दिए। सतर्कता शाखा को बाजारों से अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

छावनी बना कोटखावदा थाना क्षेत्र का ठीकरिया मीणान गांव

# बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर अटैक, दो जवान घायल

**बेधड़क** | चाकसू

कोटखावदा थाना क्षेत्र के ठीकरिया मीणान गांव में कई मामलों में लिप्त शातिर अपराधियों को पकड़ने जयपुर से गई पुलिस पर आरोपी व उसके परिजनों ने शनिवार की शाम को हमला कर दिया। इसमें 2 पुलिसकर्मी सहित आरोपी परिवार की एक महिला घायल हो गई।

घायल पुलिसकर्मियों को स्थानीय अस्पताल कोटखावदा में भर्ती करवाया गया, जहां उनकी हालत गम्भीर होने पर जयपुर रैफर कर दिया गया। घटना के बाद पूरा गांव पुलिस छावनी बन गया और एसीपी सुरेंद्र सिंह सहित बड़े स्तर के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए गांव के कई लोग फरार हो चुके हैं।







### बचाव में करनी पड़ी फायरिंग

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम को प्रताप नगर जयपुर की पुलिस ठीकरिया मीणान गांव में कई मामलों में लिप्त लोगो को दबिश देने पहुंची थी। आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए पुलिस की टीम पर लाठी डंडे व पत्थरों से हमला कर दिया। पुलिस ने भी बचाव में फायरिंग की। इससे आरोपियों में दहशत फैल गई और वह मौके से भाग छूटे।

### 6 पुलिस कर्मी थे टीम में

जानकारी के अनुसार कार्रवाई में कुल 6 पुलिसकर्मी थे। इनमें सिपाही शंकर लाल यादव भोज्याडा और वेदप्रकाश यादव कोटपुतली जगदीशपुरा हैं, जों दोनों प्रताप नगर थाने में कार्यरत हैं। ये दोनों गम्भीर घायल हो गए। वहीं, बचाव में हुई हवाई फायरिंग में एक महिला के भी घायल होने के समाचार मिल रहे हैं।

### एक को छुड़ा ले गए, लेकिन दूसरे को दबोचा

गौरतलब है कि प्रताप नगर थाने की स्पेशल टीम ठीकरिया मीणान में आरोपी कृष्ण कुमार मीणा व महेंद्र मीणा के घर पहुंची। इस दौरान परिजनों ने पुलिस के साथ लाठी डंडे से हमला किया ओर पकड़े गए महेंद्र को छुड़ा लिया । वह मौके से फरार हो गया, लेकिन इतना होने के बाद भी पुलिस ने हिम्मत दिखाते हुए हुए दूसरे आरोपी कृष्ण कुमार को दबोच लिया। बता दें कि दोनों ही आरोपियों के खिलाफ मोबाइल चोरी चेन स्नेचिंग और लूटपाट के मामले दर्ज हैं।

मारपीट और फायरिंग का मामला

# राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह गिरफ्तार





**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत और श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के बीच हुई मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने शिव सिंह शेखावत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शेखावत के 5 और महिपाल सिंह मकराना के 2 साथियों सहित एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। शेखावत ने कहा है कि मकराना चार लोगों के साथ चित्रकूट इलाके में स्थित मेरे कार्यालय में आया और फायरिंग कर दी।

इस पर सिक्योरिटी गार्ड और अन्य लोगों ने उसे पकड़ा। उसके साथ मारपीट की। वहीं, महिपाल सिंह मकराना की पत्नी वर्षा ने शिव सिंह और उनके साथियों पर फायर करने के आरोप लगाए हैं। इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। इनमें दोनों पक्ष मारपीट करते दिख रहे हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शनिवार सुबह चित्रकूट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिव सिंह शेखावत ने बताया, 'मकराना का शुक्रवार को मेरे छोटे भाई के पास फोन आया था। कह रहा था कि बैठकर बात कर लेते हैं। सभी बात कर रहे थे। वो शायद नशे में था। इस बीच उसने मेरे ऊपर फायर कर दिया। फायर जमीन पर लगा।

मकराना के साथ तीन लोग और थे। हमने उन सभी को पकड़ लिया।' महिपाल की पत्नी वर्षा ने बताया- 'इनको (महिपाल सिंह) धोखे से बुलाकर मारा गया है। फायरिंग उनकी (शिव सिंह) तरफ से हुई है। उन्होंने खुद ने नीचे फायरिंग की है। नाम लगा दिया इन्होंने फायरिंग की है। इन्होंने कुछ नहीं किया।'


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


लोक अदालत: 512 बैंचों का किया गया था गठन

# पांच लाख प्रकरणों का निस्तारण

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को करीब 5 लाख 43 हज़ार 283 लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत को लेकर हाई कोर्ट से लेकर अधीनस्थ अदालतों में कुल 512 बैंचों का गठन किया गया था। इन बैचों में आपसी समझाइश से इन मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में करीब 30 लाख से ज्यादा मामले सूचीबद्ध किए गए थे। इसमें लंबित और प्री लिटिगेशन से जुड़े मामले शामिल थे। शनिवार की लोक अदालत में लंबित प्रकरणों के अलावा प्री लिटिगेशन के 22 लाख 15 हजार 289 मामलों को भी निस्तारित किया गया।



प्री लिटिगेशन में वो मामले आते हैं जो अभी तक अदालत में नहीं पहुंचे होते हैं, लेकिन पक्षकारों के बीच लंबित होते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन हाई कोर्ट जयपुर बैंच में जस्टिस पंकज भंडारी ने किया था। हाई कोर्ट बार ने इस उद्घाटन सत्र का बहिष्कार किया। उद्घाटन सत्र में बार का कोई भी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य शामिल नहीं हुआ।

प्रशासन शहरों संग में दिया जा रहा फायदा आगे देने से इनकार

# आवासों और जमीनों के पट्टे पर छूट नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

आवासों और जमीनों के पट्टे पर प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत दी जाने वाली छूट को आगे जारी रखने से सरकार ने साफ मना कर दिया है। दरअसल, पिछले दिनों प्रदेश की अलग-अलग नगरीय निकायों ने सरकार को पत्र लिखकर इस संबंध में मार्गदर्शन मांगा था।



निकायों ने विभाग को लिखे अपने पत्रों में बताया कि उनके यहां बड़ी संख्या में प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत आए प्रकरण लंबित पड़े हैं। इनका निस्तारण अभियान के तहत दी गई छूट के अनुसार किया जाए या सामान्य नियमों के तहत। निकायों के इस सवाल पर यूडीएच ने आदेश जारी करते हुए छूट केवल उन्हीं प्रकरणों में देने के लिए कहा है, जिन प्रकरणों में मांग राशि (आवेदन के बाद निकाय द्वारा मांगी गई राशि) अगर 31 मार्च 2024 तक आवेदक ने जमा करवा दी है। उसे छूट का लाभ देते हुए भूखंड या आवास का पट्टा जारी किया जा सकता है। ऐसे प्रकरण जिनमें कागजी कार्रवाई पूरी हो गई और मांग राशि पत्र जारी होने के बाद भी आवेदक ने 31 मार्च तक पैसा नहीं जमा करवाया है। उन प्रकरणों में आवेदक को किसी भी तरह की छूट अब नहीं दी जाएगी।

सरकार ने इस आदेश के साथ ही सभी नगरीय निकायों को आदेश दिए हैं कि उनके यहां प्रशासन शहरों के संग अभियान के जितने भी प्रकरण लंबित हैं, उनको 8 अगस्त तक डिस्पोजल कर दें। अगर आवेदक बिना छूट के बिना पट्टा नहीं लेना चाहता तो ऐसे आवेदनों को निरस्त करके पेंडेंसी खत्म की जाए।

जनकपुरी में मुनि संघ का मंगल प्रवेश

# जिनशासन में दया और दान का बड़ा महत्व, इसी भावना से जागती है भलाई

**बेधड़क** | जयपुर

जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर में बाईस थालों में बाईस कलश से पाद प्रक्षालन के साथ मुनि संघ का गाजे बाजे व जयकारों के साथ मंगल प्रवेश हुआ। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि करतारपुरा फाटक पर महिलाओं ने मंगल कलश ले रखे थे। यहां से मंदिर के रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह मुनि समत्व सागर और मुनि शील सागर का पादप्रक्षालन व आरती के साथ स्वागत किया।

मंदिर के बाहर युवा मंच के सदस्यों द्वारा आरती की गई। इसके बाद सजे हुए बाईस थालों के मध्य एक और पुरुष व दूसरी और महिलाओं ने कलशों से पाद प्रक्षालन किया तथा मंदिर के गेट पर जनकपूरी प्रबंध समिति के साथ कीर्तिनगर के महामंत्री जगदीश जैन व गायत्रीनगर के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा ने आरती कर परमेष्ठी का स्वागत किया।



### जिनालय में हुई धर्म सभा

मंदिर जी में अभिषेक के बाद मुनि ने ऋद्धि मंत्रों युक्त शांति धारा कराई। इसके बाद जुलूस ने जिनालय में धर्म सभा का रूप ले लिया। धर्म सभा राजस्थान युवा महा सभा के पदाधिकारियों अध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, सुभाष बज, भारतभूषण जैन, अमित शाह, शकुंतला बिंदायक्या आदि द्वारा चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन किया गया। कनफूल देवी कासलीवाल परिवार द्वारा पादप्रक्षालन व शास्त्र भेंट के साथ शुरू हुई सभा में मनोज झंझरी, जगदीश जैन, भंवर लाल, महेंद्र जैन, अभय जैन के अलावा बापूनगर, कीर्ति नगर, गायत्री नगर, महेश नगर आदि स्थानों के श्रावकों की उपस्थिति रही।

### मायाचार से भ्रमण कर रहा है जीव

धर्म सभा में मुनि शील सागर के मधुर मंगल गान के बाद मुनि समत्व सागर ने प्रवचन किए। उन्होंने बारह भावना में संसार भावना समझाते हुए कहा कि इस तीन जगत में चिरकाल से मिथ्यात्व और मायाचार से यह जीव भ्रमण कर रहा है। इस जगत में केवल दु:ख ही दु:ख है। शाश्वत शांति नहीं है। जिनशासन में दया व दान का बड़ा महत्व बताया है। दान में करुणा, दया व मुदिता की भावना प्रबल होती है और इसी भावना के कारण जीव दूसरे जीवों की भलाई की सोचता है। इस प्रकार संसार भावना के बार-बार चिंतवन करने से संसार से भय उत्पन्न होता है, तब मोक्ष प्राप्ति के उपाय में मनुष्य की प्रवृत्ति होती है।

### विशुद्ध सागर की रचना 'जरा संभल' का पाठ

सभा में पदम जैन बिलाला द्वारा आचार्य विशुद्ध सागर जी की रचना 'जरा संभल' पढ़ी गई। महिला मंडल की अध्यक्ष शकुंतला बिंदायक्या, अनीता बिंदायक्या, सुलोचना पाटनी व सुनीता भोंच द्वारा भक्ति साथ गुरु वंदन किया गया। मंच संचालन शिखर चंद जैन ने किया। रविवार को नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया जाएगा।

**जरूरी खबर**

### कार्यसमिति मीटिंग में चाकसू से भी पहुंचे कार्यकर्ता



**चाकसू।** भाजपा चाकसू विधानसभा से वृहद प्रदेश कार्य समिति की जेईसीसी सीतापुरा पर आयोजित मीटिंग में चाकसू विधायक रामावतार बैरवा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, कृषि मंडी पूर्व चेयरमैन कैलाश शर्मा, देहात अध्यक्ष किशन धाभाई, रेनवाल मंडल अध्यक्ष तेजपाल भाकर, माधोराजपुरा मंडल अध्यक्ष दीपक कुमावत, शिवदासपुरा मंडल अध्यक्ष ज्ञानचंद मीणा, कोटखावदा अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा मंडल नए कार्यकर्ताओं के साथ हिस्सा लिया।

### लोक अदालत में निपटाए सैकड़ों मामले

**चाकसू।** सिविल न्यायालय परिसर चाकसू में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। लोक अदालत में 26 प्रकरण 138 एन आई एक्ट, 2 नियमित फौजदारी, 11 वसूली इजराय, 5 सिविल मामले, 17 एम वी एक्ट मामले, प्री लिटिगेशन के बैंको के 50 एवम् बिजली विभाग के 57 मामले निस्तारित किए गए। लोक अदालत में कुल 1,90,75869 रुपए राशि की वसूली हुई। लोक अदालत में अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवम् न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 19 चाकसू कंचन सिंह राजावत के अलावा राम रतन मीणा, एडवोकेट दी बार एसोसिएशन चाकसू के अध्यक्ष एन एल शर्मा एडवोकेट, महासचिव दुर्गाप्रसाद बैरवा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### शिव परिवार और हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न



**चाकसू।** कोटखावदा तहसील के ग्राम कांकरिया में शनिवार को शिव परिवार व हनुमान जी महाराज मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। गुरू भक्त घनश्याम ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री श्री 1008 स्वामी नित्यानंद महाराज के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान सत्संग व भंडारा प्रसादी में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने लिया भाग। गुरू महाराज के चरण वंदन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुरारीलाल, प्रभु लाल, रामावतार, सीताराम, घनश्याम, वैध रूप नारायण समेत बड़ी संख्या श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

**गुजरात की कंपनी ने अलवर की नवदीप संस्थान को कराया है उपलब्ध**

# हाईटेक चश्मे से दृष्टिहीनों की जिंदगी में आ रहा उजियारा

**बेधड़क** | अलवर

जिले की एक संस्था नेत्रहीनों के जीवन में अंधकार को दूर कर उजियारा फैल रही है। नवदिशा संस्थान नाम की यह संस्था वैसे तो दृष्टिहीनों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहती है, लेकिन अलवर के दृष्टिहीन लोगों के लिए एक बार फिर इस संस्थान ने एक नया कदम उठाया है। संस्था का यह नया कदम दृष्टिहीन लोगों के लिए वरदान साबित होने वाला है। दरअसल, गुजरात की एक कंपनी ने दृष्टिहीन लोगों के लिए एक खास चश्मा तैयार किया है, जिसे पहनकर दृष्टिहीन लोग भी आसानी से अपना डेली रूटीन का काम बिना किसी की मदद के कर सकते हैं। यह खास चश्मा एक तरह से फेस कैमरा है, जो एंड्रॉयड फोन के सपोर्ट से चलता है। जानकारी के अनुसार, गुजरात की एक कंपनी ने इस चश्मे को स्टार्टअप के रूप में तैयार किया है, जिसे अलवर का नवदिशा संस्थान शुरुआती फीडबैक के लिए दृष्टिहीन व्यक्तियों को उपलब्ध करा रहा है।



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से हुआ है ईजाद

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के माध्यम से तैयार हुआ यह चश्मा अलवर के दृष्टिहीन लोगों के लिए मददगार भी साबित हो रहा है। संस्था से जुड़े कुछ दृष्टिहीन लोगों ने बताया कि यह चश्मा उनके अंधकार भरे जीवन में रोशनी फैला रहा है इस चश्मे को ट्रायल के रूप में इस्तेमाल करने वाले दृष्टिहीन कुलदीप जैमन ने बताया कि यह कैमरा एक I-Phone बेस्ड डिवाइस है। इस डिवाइस में एक चश्मा है और उसके ऊपर फ्लैक्सिबल कैमरा लगा हुआ है। यह डिवाइस एक ओटीजी केबल के साथ मोबाइल से काम करता है। इस डिवाइस की सबसे बड़ी खासियत यह है कि सामने, दाएं-बाएं और जिस जगह जो चीज है, उसे भी यह रीड कर सकता है। दृष्टिहीन लोगों के लिए मददगार साबित होगा।

### 12 भाषा, करेंसी डिटेक्ट और पढ़ने में कर सकता है मदद

अलवर में द स्थान के अध्यक्ष अवनीश मलिक ने बताया कि यह चश्मा एंड्रॉयड फोन के सपोर्ट से चलता है। इसके सामने जो भी चीज आती है, उन्हें यह डिवाइस स्कैन करके बताता है। मालिक के मुताबिक यह कैमरा 12 भाषाओं को सपोर्ट करता है, जिसमें हिंदी, इंग्लिश, तमिल, कन्नड़, पंजाबी और गुजराती सहित हमारे देश की सभी मुख्य भाषाएं शामिल हैं। साथ ही यह कई देशों की करेंसी भी डिटेक्ट कर व्यक्ति को बता सकता है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि अगर कोई ब्लाइंड व्यक्ति अकेला है और वह पढ़ना चाहता है, तो इस चश्मे के जरिए वह आसानी से बिना किसी की मदद लिए किसी भी प्रकार के टेक्स्ट को पढ़ सकता है।

### दृष्टिहीन व्यक्तियों को कम कीमत में उपलब्ध कराएगी चश्मा

कंपनी के मालिक का कहना था कि हमारी संस्था को दृष्टिहीनों की मदद के लिए यह डिवाइस एक एंड्रॉयड फोन के साथ कम कीमत में ऑफर किया गया है। इसके बाद हमारी संस्था का एक ही प्रयास रहेगा कि यह कंपनी कितने दृष्टिहीन लोगों को डिवाइस उपलब्ध करा सकती है। संस्था की कोशिश रहेगी कि दृष्टिहीन व्यक्तियों को और भी कम कीमत पर यह चश्मा उपलब्ध करवा सके, जिससे वे अपने जीवन को और बेहतर बना सकें।

**पंजाब के रहने वाले थे सभी, दिल्ली से जा रहे थे महाराष्ट्र के नांदेड़**

# एक्सप्रेस वे पर कार पलटने से जीजा-साले की मौत, 3 घायल

**बेधड़क** | दौसा

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर एक स्कॉर्पियो बेकाबू होकर पलटने से चकनाचूर हो गई। हादसे में जीजा-साले की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए। घायलों में से एक हालत गंभीर बनी हुई हैं। हादसा शनिवार सुबह करीब 4 बजे लालसोट (दौसा) के राहुवास थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो दिल्ली से महाराष्ट्र की ओर जा रही थी। इस दौरान पिलर संख्या 206 कुंतलवास पुलिया के पास बेकाबू होकर पलट गई। एक्सीडेंट के कारण का अभी पता नहीं लग सका है।

मौके पर पहुंची राहूवास थाना पुलिस ने गंभीर घायल तीन लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, मृतकों के शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इस दौरान एक गंभीर घायल को डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया है। वहीं दो घायलों का जिला अस्पताल दौसा में उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार कार सवार दिल्ली से महाराष्ट्र के नांदेड़ जा रहे थे। राहुवास थाना प्रभारी रघुवीर सिंह ने बताया कि कार सवार दिल्ली से महाराष्ट्र के नांदेड़ जा रहे थेय इस दौरान तड़के करीब 5 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर स्थित पिलर नंबर 206 के समीप कार अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना मिलने के बाद जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, जहां से क्षतिग्रस्त हुई कार से घायलों को निकालकर एनएचएआई की एंबुलेंस की सहायता से दौसा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान डॉक्टरों ने चरणवीर सिंह (36) पुत्र सुखदेव सिंह निवासी तंगभई सियारपुर पंजाब और सोनू (40) पुत्र जगजीत सिंह निवासी गुरुनानक कॉलोनी चंडीगढ़ पंजाब को मृत घोषित कर दिया।



### एक को जयपुर किया रेफर

गंभीर घायल संदीप (46) पुत्र करनाल सिंह, जयदीप सिंह (32) पुत्र रूप सिंह निवासी शेरगढ़ भटिंडा पंजाब और करमजीत सिंह (43) पुत्र जगजीत सिंह निवासी गुरुनानक कॉलोनी चंडीगढ़ पंजाब का इलाज शुरू किया गया। इनमें से मृतक सोनू के भाई करमजीत की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सोनू और चरणवीर रिश्ते में जीजा-साले हैं।

### 15 महीनों में 100 से ज्यादा मौत

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे को राजस्थान और हरियाणा का सेक्शन शुरू हुए 15 महीनों से ज्यादा का समय बीत चुका है। इस दौरान एक्सप्रेस-वे पर एक्सीडेंट्स की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। इस सेक्शन पर इस दौरान 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार ज्यादातर एक्सीडेंट ओवरस्पीड या फिर ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण हुए हैं। कुछ एक्सीडेंट जानवरों के कारण भी हुए हैं। इसी साल फरवरी में आईआईटी मद्रास की टीम ने भी यहां हो रहे हादसों को लेकर सर्वे किया था, लेकिन उसका कोई खास नतीजा सामने नहीं आया।

### ट्रक बेकाबू होकर पलटा, खलासी की मौत

**सिरोही।** जिले के आबूरोड रीको थाना क्षेत्र के अम्बाजी रोड पर सुरपगला के पास अम्बाजी की ओर से आ रहा लोहे से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हेड कांस्टेबल कैलाश मीणा ने बताया कि हिम्मतनगर से लोहे की सीट भरकर एक ट्रक जोधपुर जा रहा था तभी सुरपगला के पास सुबह करीब 3 बजे मोड़ पर ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए सड़क किनारे करीब 8 फिट नीचे पलट गया। चालक हिम्मतनगर निवासी बहादुरकुमार (37) को पालनपुर रेफर किया गया है। वहीं, खालासी कालूसिंह (60) पुत्र प्रभुसिंह निवासी हिम्मतनगर की मौत हो गई।

**जिला प्रभारी सचिव ने ली बैठक**

## बजट घोषणाओं को गंभीरता से धरातल पर उतारें अधिकारी : गुहा



**बेधड़क** | सीकर

जिले की प्रभारी सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन विभाग श्रेया गुहा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणा 2024-25 के संबंध में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं विकास अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान प्रभारी सचिव ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार की भावना के अनुरूप बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए समस्त अधिकारी गंभीरता पूर्वक कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री की मंशा है कि जल्द-जल्द से बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।

प्रभारी सचिव ने कहा कि जिला कलेक्टर द्वारा इन सभी कार्यों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन बजट घोषणाओं के लिए भूमि आवंटन की आवश्यकता हैं, वहां जल्द भूमि आवंटन का कार्य करें तथा नई ग्रीन फील्ड विकास कार्य से संबंधित डीपीआर बनाने का कार्य जल्द शुरू किए जाएं। प्रभारी सचिव श्रेया गुहा ने जिला कलेक्टर कमर चौधरी को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के लिए हर 15 दिन में समीक्षा बैठक करें। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पंचायत स्तर पर सभी पटवारियों को कार्यालय समय में पंचायत पर उपस्थित रहने के लिए पाबंद करें।

इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस सांई कृष्णा, पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह, जिला परिषद के सीईओ नरेंद्र पुरोहित, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परिडवाल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी आदि बैठक में उपस्थित रहे। प्रभारी सचिव गुहा ने आरटीओ कार्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक से पूर्व जिले की प्रभारी सचिव श्रेया गुहा ने उपखंड एवं तहसील कार्यालय रींगस का निरीक्षण किया।

**अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप**

## सरकारी अस्पताल के वाटर कूलर से करंट लगने से महिला की मौत

**बेधड़क** | कुचामनसिटी

लाडनूं स्थित स्थानीय राजकीय चिकित्सालय में लगे वाटर कूलर से पानी भरते समय करंट की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई।

करंट लगते ही चिकित्साकर्मियों ने इस महिला को गंभीर हालत में आनन-फानन में इमर्जेंसी वार्ड पहुंचाया और इलाज शुरू किया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उस महिला को बचाया नहीं जा सका। मृतक महिला के परिजन अशोक कुमार ने बताया कि कासण निवासी सुमित्रा (33) पत्नी केसाराम कालेरा जाट अस्पताल में भर्ती अपने बीमार रिश्तेदार से मिलने आई थी। वह उनके लिए पानी की बोतल लेकर अस्पताल परिसर में दानदाता द्वारा लगाए गए वाटर कूलर से पानी भरने आई। लेकिन वाटर कूलर में करंट होने के चलते वह चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई।

वहीं महिला की मौत से लोगों में रोष देखा गया और अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। एकत्र लोगों का कहना है कि इस मामले में अस्पताल प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए तथा मृतक महिला के परिजनों को मुआवजा दिया जाना चाहिए।

बाद में पुलिस मौके पर पहुंच गई और महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाएं जाने के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। वाटर कूलर में पिछले कई महीनों से करंट दौड़ने बता सामने आई है। जिसकी जानकारी यहां अस्पताल के सफाई सुपरवाईजर, पीएमओ, अस्पताल प्रशासन को देकर अवगत करवाया गया था

**2 महीने पहले हुई थी शादी, भाई ने दरवाजा तोड़ उतारा नीचे**

## पति-पत्नी ने फंदे से लटककर दी जान

**बेधड़क** | भरतपुर

सात जन्मों की कस्में खाने वाले पति-पत्नी ने फंदें पर झूलकर जिंदगी समाप्त कर ली। घटना डीग जिले के सीकरी थाना इलाके के गांव बुडली में शुक्रवार रात की है। दंपती की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। शनिवार सुबह दोनों काफी देर तक कमरे से नही निकले तो युवक के बड़े भाई ने गेट की कुंदी तोड़कर अंदर गया तो पति-पत्नी के शव पंखे से लटके मिले। घटना की सूचना परिवार ने सीकरी पुलिस को दी। युवक के पिता चरण सिंह ने बताया कि शुक्रवार को मैं किसी काम से रिश्तेदारी में गांव से बाहर गया हुआ था। घर पर बड़ा बेटा वीरभान, उसकी पत्नी, छोटा बेटा नेमीचंद (22) और उसकी पत्नी सोनिया (20) थे। नेमीचंद और सोनिया की शादी गत 10 मई को हुई थी। चरण सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सब ठीक था। दोनों बेटे बहुएं खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरे में चले गए थे। सुबह वीरभान ने नेमीचंद का गेट खटखटाया नहीं खोलने पर उसने धक्का देकर गेट तोड़ा तो दोनों के अंदर शव मिले।



### नहीं चल पाया आत्महत्या का कारण

बाद में पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर सीकरी अस्पताल की मॉर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम करवाया। फिलहाल दोनों पति पत्नी के आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। नेमीचंद के चचेरे भाई परमसुख सैनी ने बताया कि दोनों भाइयों (नेमीचंद और वीरभान) की शादी दो बहनों (सोनिया और राधा) से एक साथ हुई थी। नेमीचंद 11 जुलाई को पत्नी को सोनिया पीहर गोविंदगढ़ से लेकर आया था। पति पत्नी की मौत के कारणों का पता नहीं लग पाया है।

**प्रदेशभर में लगी लोक अदालतें, पति-पत्नी के अलगाव के मामले निपटाए**

# लोक अदालत में दूर हुए गिले-शिकवे, फिर से बने एक-दूजे के हमसफर

**बेधड़क** | झालावाड़

प्रदेशभर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझाइश से मामलों का निपटारा किया गया। साथ ही लम्बित पारिवारिक प्रकरणों का निस्तारण भी किया गया।

झालावाड़ जिले में न्यायाधीश दीपक दुबे ने एक-दूसरे से अलग रहे दम्पतियों के बीच मतभेदों को भूलाकर उन्हें फिर से सुखी दांपत्य जीने की समझाइश की। वहीं पिडावा तहसील के कोटडा जेतमाल निवासी गोविंद मेघवाल एवं उसकी पत्नी प्रेमबाई के बीच सुलह हो गई। दोनों ने एक दूसरे को वरमाला पहना कर फिर से साथ में सुखी वैवाहिक जीवन जीने का वादा किया। दोनों करीब डेढ़ साल से अलग रह रहे थे। इस सकारात्मक पहल के बाद पति-पत्नी के जोड़े ने न्यायाधीश के सामने एक-दूसरे को फूलों की माला पहनाकर मुंह मीठा कराया। वहीं भविष्य में कभी ना अलग होने की कसम खाई। इधर, एक-दूसरे से मिलकर दोनों काफी खुश दिखाई दिए। ये नजारा देख लोक अदालत में मौजूद उनके परिजनों की आंखों में आंसू छलक आए। प्रेम बाई के अधिवक्ता फिरोज अहमद ने बताया कि गोविंद मेघवाल तथा उनकी पत्नी प्रेम भाई करीब डेढ़ साल से आपसी अनबन के चलते एक-दूसरे से अलग रह रहे थे। उनका पांच साल का बच्चा भी है।



### न्यायाधीश दीपक दुबे ने कराई सुलह

पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश दीपक दुबे ने दोनों के बीच सुलह कराई। बाद में दोनों के बीच जो गीले-शिकवे थे, वे दूर हो गए। प्रेमबाई मानसरोवर जयपुर स्थित नीरजा मोदी स्कूल में चतुर्थ कर्मचारी का काम कर रही थी। लोक अदालत में सुलह के बाद दोनों ने एक-दूसरे की ओर मुस्कुराहट भरी नजरों से देखा। पति-पत्नी के जोड़े के फिर से मिलने पर सारा वातारण खुशनुमा हो गया। इस दौरान सभी के चेहरे खिल गए। बाद में न्यायाधीश ने दोनों को सुखी वैवाहिक जीवन जीने के लिए विदा किया।



### मजिस्ट्रेट ने बच्चे को गोद में लेकर दिया आशीर्वाद

हालांकि, इस बीच जब एक बच्चा रोने लगा तो ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने उसे गोद में उठा लिया और उसे आशीर्वाद दिया। वहीं, इस दृश्य को देख वहां मौजूद वकीलों ने तालियां बजाई और फिर दोनों हंसी खुशी दोनों पति-पत्नी अपने घर को लौट गए। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट किरण राठी ने बताया कि द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत में एडीजे कोर्ट के 43, एसीजेएम कोर्ट के 153 , ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट के 49, प्री लिटिगेशन के 44 और रेवेन्यू कोर्ट के 7180 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। साथ ही इस लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए उन्होंने तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अधिवक्ताओं का आभार प्रकट किया।

### चार साल बाद फिर बने हमसफर, माला पहनाकर फिर की शादी

श्रीगंगानगर। जिले के सादुलशहर में राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की समझाइश के बाद चार सालों से टूटा पति-पत्नी का रिश्ता एक बार फिर से जुड़ गया। उसके बाद दोनों ने अदालत में ही एक-दूसरे को माला पहनाकर फिर से शादी की। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट किरण राठी ने बताया कि शनिवार को द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न प्रकरण रखे गए। उन्होंने बताया कि इन प्रकरणों में पति-पत्नी के विवाद के भी दो मामले सामने आए, जिसमें से एक प्रकरण को समझाइश के बाद समाप्त कर दिया गया। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने बताया कि मामूली विवाद के चलते दोनों पति-पत्नी पिछले चार सालों से अलग रह रहे थे और अदालतों के चक्कर काट रहे थे, लेकिन शनिवार को लोक अदालत में दोनों की समझाइश कराई गई। उसके बाद दोनों ने फिर से अदालत में ही एक-दूसरे को माला पहनाकर शादी कर ली।

### आवेदन के लिए LLB के साथ ही सात साल की प्रैक्टिस जरूरी

# राजस्थान हाई कोर्ट में 95 डिस्ट्रिक्ट जज के पदों पर निकली भर्ती



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान हाई कोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट जज के पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन भर्ती के जरिए कुछ 95 सीटों को भरा जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार राजस्थान उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट-hcraj.nic.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की आखिरी तारीख 8 अगस्त निर्धारित की गई है। डिस्ट्रिक्ट जज के पद पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों को एलएलबी किया होना चाहिए। इसी के साथ इस पद पर वही उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने कम से कम सात साल की प्रैक्टिस की हो। बता दें, जिन उम्मीदवारों ने एलएलबी की डिग्री नहीं ली है, वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं। डिस्ट्रिक्ट जज के पदों पर सिलेक्ट होने वाले उम्मीदवारों को 1,44,840 से 1,94,660 रुपये तक की सैलरी दी जाएगी। जिला न्यायाधीश के पद पर भर्ती के लिए आवेदन फीस सामान्य/ओबीसी-सीएल/ओबीसी-सीएल और अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के लिए 1500 रुपए है। राजस्थान के ओबीसी-एनसीएल, एमबीसी-एनसीएल और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए आवेदन फीस 1250 रुपए है। वहीं, राजस्थान के एससी और एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन फीस 1000 रुपए है।

#### 8 अगस्त है आवेदन की आखिरी तारीख

राजस्थान हाई कोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट जज के पदों पर आवेदन करने की आखिरी तारीख 8 अगस्त निर्धारित की है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आखिरी तारीख से पहले फॉर्म भर लें।

#### मुख्य परीक्षा के आधार पर होगा चयन

उम्मीदवार का चयन प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। इनके जोधपुर और जयपुर में आयोजित होने की संभावना है। आरक्षण दिशानिर्देशों और अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों के बारे में अधिक जानकारी राजस्थान एचसी की आधिकारिक वेबसाइट hcraj.nic.in पर उपलब्ध है।



#### 35 से 45 वर्ष होनी चाहिए आवेदक की उम्र

डिस्ट्रिक्ट जज के पद पर भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 35 वर्ष और अधिकतम आयु 45 वर्ष होनी चाहिए। एससी, एसटी, ओबीसी-एनसीएल, अति पिछड़ा वर्ग-एनसीएल, ईडब्ल्यूएस और महिलाओं को अधिकतम आयु सीमा में पांच साल की छूट मिलेगी।

---

### Yuva स्टोरीज

## पूजा ने गोल्ड और विशाल जाट ने जीता कांस्य पदक



**जयपुर।** तीसरी इंडिया ताइक्वांडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता उड़ीसा कट के कटक शहर में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में देश भर से 750 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में राजस्थान से जयपुर शहर के विशाल जाट ने अंडर 63 किलोग्राम में कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं ट्यूलिप पूजा ने 46 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। दोनों ही खिलाड़ी आगामी जूनियर वर्ल्ड विश्व चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए।

यह दोनों खिलाड़ी राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अधीन सवाई मानसिंह स्टेडियम में प्रशिक्षित नितिन जूलिया से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनकी उपलब्धि पर प्रशिक्षक नितिन जुलिया ने बधाई दी और आगामी प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया।



## अंगदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

**जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर रॉयल व किडनी पेशेंट्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मालवीय नगर जयपुर स्थित एक माल में अंगदान जागरूकता के लिए ऑर्गन डोनेशन स्लोगन लिखे प्लेकार्ड द्वारा व वहां मौजूद आम नागरिकों से चर्चा कर अंगदान और उसकी महत्ता के बारे में बताया गया। शनिवार सुबह, किडनी पेशेंट्स वेलफेयर सोसायटी व मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम द्वारा अंगदान स्मारक पे कैडेवर अंगदाताओ को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पीसी जैन, रेणु सिंह, हर्षवर्धन सिंह व अमित शर्मा ने अंगदान और उसकी महत्वता के बारे में जानकारी दी। किडनी पेशेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य हितेश शर्मा ने बताया कि यदि अंगदान होता है तो हजारों लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है। कार्यक्रम में धर्मेंद्र सोटी, नितिन कुमार, बलराम, अनुसुइया शर्मा, सियाराम शर्मा, इंद्र कुमार, रामनरेश, रामप्रसाद, डा.गिरिवर शर्मा सहित 50 से अधिक लोगों ने शिरकत की।

### ओरिएंटेशन कार्यक्रम

## स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोग्राम

बेधड़क | जयपुर

आरए पोदार प्रबंधन संस्थान राजस्थान विश्वविद्यालय में बैच 2024-26 में नए प्रवेश लेने वाले विधार्थियों के लिए आयोजित किए गए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। समारोह में विद्यार्थियों के लिए स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोग्राम का आयोजन किया गया। संस्थान निदेशक डॉ. शिखा नैनावत ने बताया कि स्टार्टअप आज के दौर में विशेष महत्व रखता है। विशेष व्याख्यान के लिए सुचिक स्टार्टअप की फाउंडर जिज्ञासा जैन एंव टीम के सदस्य अभय चौहान व तनवी गुप्ता ने विद्यार्थियों को विशेष व्याख्यान में स्टार्टअप का महत्व एंव स्टार्टअप की जरूरत बताई। विभिन्न बाजार में इसकी मांग के बारे में जागरूक किया। ओरियंटेशन प्रोग्राम का समापन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर हुआ। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की निदेशक डॉ. नैनावत ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

### IHF ट्रॉफी हैंडबॉल: आज बांग्लादेश से है भारत का मुकाबला

# यूथ में नेपाल ने जीता कांस्य, जू. वर्ग में तीसरे स्थान पर मालदीव



बेधड़क | जयपुर

आईएचफ ट्रॉफी हैंडबॉल में शनिवार को नेपाल और मालदीव के लिए मिश्रित भाग्य रहा। सवाई मानसिंह इनडोर स्टेडियम में अंडर-18 यूथ वर्ग में कांस्य पदक जहां नेपाल ने जीता, वहीं मालदीव अंडर-20 जूनियर वर्ग में तीसरे स्थान पर रही।

रविवार को फाइनल मैच खेला जाएगा। फाइनल में मेजबान भारत अंडर-18 यूथ और अंडर-20 जूनियर वर्ग में बांग्लादेश से खेलेगा। पहला फाइनल मैच शाम 4 बजे व दूसरा फाइनल शाम 6 बजे होगा। अंडर-18 यूथ वर्ग के नेपाल ने रोमांचक मैच में मालदीव को 31-29 गोलो से हराकर कांस्य पदक जीता।

सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में शनिवार को हार्डलाइन मैच में नेपाल और मालदीव मध्यांतर तक 16-16 गोलों से बराबरी पर थे। मालदीव ने मैच में अच्छी शुरुआत की और बढ़त भी बनाई। मैच शुरू होने के 10 मिनट तक मालदीव नेपाल से बेहतर खेली, लेकिन इसके बाद ओवर कॉन्फिडेंस के कारण वह पिछड़ गई और मध्यांतर तक आते-आते नेपाल ने बढ़त कम की और स्कोर 16-16 कर दिया। मध्यांतर के बाद मालदीव ने फिर मैच पर पकड़ बनाई और फिर पूरे मैच में संघर्ष करती रही। नेपाल के लिए सोनिश तमांग ने सर्वाधिक 12 गोल किए। रितिक परियाग ने 5, प्रशोन कुमार बिशोकर्मा, नीरज गुरुंग, निशान पून ने 3-3, रोशन बिशोकर्मा, बिबेक थापा ने 2 और सुशांत देव ने 1 गोल का योगदान दिया। नेपाल के केविन गुरुंग रहे मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर मालदीव के लिए शफीग अब्दुल्ला अज्जाम ने 10, शाहीम लोफान अहमद, फैयाज मोहम्मद दीना ने 5-5, जलील अब्दुल्ला नेसाम ने 3, मोहम्मद हुसैन अफजल ने 2, अल मजीद, हमजा स्माइल इन्नान, हाशीम मुसा मिनहाल और अहमद राजीम रियाज ने 1-1 गोल किया। मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर नेपाल के केविन गुरुंग को ओलम्पियन, अर्जुन अवॉर्डी तथा क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी एवं क्रीड़ा भारती राजस्थान के संयोजक मेघ सिंह चौहान ने पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पांडे व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह भी उपस्थित थे।



#### हुसैन यानल अकरम ने जिताया मैच, एक दर्जन गोल बचाए

जूनियर वर्ग में मालदीव ने नेपाल को 33-23 से हराया। मध्यांतर तक मालदीव ने 18-10 की बढ़त बना रखी थी। मालदीव के गोलकीपर और मोस्ट वैल्युएबल खिलाड़ी चुने गए हुसैन यानल अकरम को जीत का श्रेय जाता है। उसने पूरे मैच में कम से कम एक दर्जन गोल बचाए। मालदीव के लिए रेद रशीद ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 11 गोल किए। मोहम्मद याशमु अहमद ने 7, अहमद राउल असद ने 5, अहमद उमेस ने 3, अहमद अमशाल, मुशा हिभा स्माइल रिजा, मोहम्मद अफान अतिफ ने 2-2 गोल किए। नेपाल के लिए सुदीप घाले ने 7, मनीष बहादुर, जीवन पुन ने 4-4, मिलन खवाश ने 3, प्रलेश गुरंग, दाबीन जुगलीपुन ने 2-2 और निशान परियार ने 1 गोल किया। हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के रेफरी बोर्ड के चेयरमैन जसबीर बिसला व अमित पांडे ने हुसैन यानल अकरम को सम्मानित किया।

---

# रिसर्च मेथाडोलॉजी कार्यशाला में सिखाया शोध प्रस्ताव बनाना



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में रिसर्च मेथडोलाजी विषय पर चल रही छह दिवसीय कार्यशाला का समापन विभागाध्यक्ष प्रो. दीपा एस पी माथुर की अध्यक्षता में शनिवार को हुआ। कार्यशाला में प्रतिदिन दो सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने शोध के बहुआयामी अर्थ, प्रकृति, प्रकार, प्रक्रिया, साधन, समस्या, डेटा संग्रहण, क्षेत्र सर्वेक्षण, शोध पत्र लेखन, विश्लेषण व महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला में प्रतिदिन लगभग 70 प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। समापन सत्र में प्रोफेसर एनके पांडे ने शोध प्रस्ताव तैयार करने की विधियों, प्रारूप डिजाइनिंग, सैंपल डिजाइनिंग, डेटा-विश्लेषण, मूल्यांकन, तार्किकता, उपयोगिता आदि पर अपने विचार रखे।

# स्टूडेंट्स ने लिया पौधे लगाने का संकल्प



बेधड़क | जयपुर

शहीद लेफ्टिनेंट अभय पारीक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांधी नगर में 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' की शुरुआत सांसद मंजू शर्मा और विधायक कालीचरण सराफ ने की। इस अवसर पर मंजू शर्मा और कालीचरण सराफ ने वृक्षों की महत्ता के बारे में बताया। इसके साथ ही सभी स्टाफ सदस्यों एवं बालिकाओं से 5-5 पौधे लगाने का संकल्प करवाया। विद्यालय की प्रचार्या सुमित्रा डूडी ने कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करनी होगी।

---

### अनूठी पहल | कोचिंग स्टूडेंट्स की सुरक्षा के लिए पुलिस ने जारी किया मोबाइल एप कॉन्सेप्ट

# परेशानी में हो तो 'SOS' बटन दबाओ, तुरंत मिलेगी मदद

बेधड़क | कोटा

कोचिंग छात्रों की सुरक्षा के लिए कोटा सिटी पुलिस मोबाइल एप लॉन्च करेगी। इसमें मौजूद पैनिक बटन दबान के बाद चंद मिनट में ही पुलिस छात्र तक पहुंच जाएगी। इस संबंध में शनिवार को कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि सेव अवर सोल (एसओएस) एप का कॉन्सेप्ट लॉन्च किया है। इस एप को तैयार किया जा रहा है।

यह एप कोचिंग स्टूडेंट के लिए उपयोगी साबित होगा। किसी भी समस्या या परेशानी होने पर विद्यार्थी इस ऐप में मौजूद पैनिक बटन का उपयोग कर सकेगा। इससे पुलिस को सीधी सूचना मिल जाएगी। विद्यार्थियों से हमने यह कॉन्सेप्ट शेयर किया है। जल्द ही एप लॉन्च किया जाएगा।



#### बटन दबाने के बाद ही एक्सेस होगा डाटा

एसपी डॉ. अमृता दुहन का कहना है कि जब कोचिंग स्टूडेंट इस ऐप में मौजूद पैनिक बटन का उपयोग करेंगे, तभी कंट्रोल रूम को इसके सूचना मिल जाएगी। इसके बाद उसकी लाइव लोकेशन के आधार पर पुलिस छात्र तक तत्काल पहुंचेगी। स्टूडेंट से जुड़ा डेटा पुलिस सीधे तौर पर एक्सेस नहीं होगा, जब स्टूडेंट पैनिक बटन का उपयोग करेगा, तभी पुलिस उसका डेटा एक्सेस कर पाएगी। इससे कि विद्यार्थियों को भी किसी तरह का कोई खतरा या डर नहीं रहेगा।

#### विद्यार्थियों से वन-टू-वन संवाद

कोटा पुलिस ने शनिवार को कुन्हाड़ी इलाके में एग्जॉटिका गार्डन में कोचिंग स्टूडेंट से सीधा संवाद किया। इस दौरान कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन, एडिशनल एसपी मुख्यालय संजय शर्मा सहित सही पुलिस अधिकारी मौजूद थे। उसके साथ ही विद्यार्थियों ने अपनी कई समस्याओं को बताया जिन पर कोटा पुलिस चर्चा करेगी। एसपी डॉ दुहन ने बताया कि जिन हॉस्टल, पीजी या कोचिंग में गाइडलाइन की पालना नहीं हो रही है, उनसे भी पालना करवाई जाएगी। एंटी हैंगिंग डिवाइस से लेकर हर नियम की पालना करनी होगी। कोचिंग छात्रों ने हॉस्टल, मैस, कोचिंग और परिवार से संबंधित समस्याएं बताई हैं। एक-दूसरे को परेशान करने वाले कोचिंग स्टूडेंट के संबंध में जानकारी सामने आई है। इसके अलावा कुछ छात्र-छात्राएं सार्वजनिक तौर पर अपनी समस्या नहीं बता पा रहे थे। उनसे वन-टू-वन संवाद भी किया गया।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*हमारे देश में भगवान शिव और विष्णु के अनेक शानदार मंदिर हैं, जिनमें अनेक रहस्य भी छिपे हुए हैं। ऐसे ही मंदिरों में से एक है कर्नाटक के रायचूर जिले के देवदुर्गा तालुका के गब्बूर में स्थित 1900 साल पुराना भगवान वेंकटेश्वर का चमत्कारिक मंदिर। मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर की एक चमत्कारिक 4 फुट की काले पत्थर की प्रतिमा है। यहां भगवान वेंकटेश को गर्म जल से अभिषेक करवाया जाता है। खास बात यह है कि भगवान के चरणों में पहुंचते ही यह खोलता हुआ जल एकदम शीतल हो जाता है। वास्तव में यह मंदिर आंध्र प्रदेश राज्य के कुरनूल जिले के मंत्रालयम में श्री राघवेंद्र मठ के वृंदावन से सिर्फ 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसलिए हालांकि, मंदिर गोब्बूर में मौजूद है। इसे मंत्रालयम के वेंकटेश्वर मंदिर के रूप में जाना जाता है।*

## कर्नाटक के गब्बूर में है 1900 साल पुराना वेंकटेश्वर का चमत्कारिक मंदिर

# मूर्ति, जिसके चरणों में पहुंचते ही खोलता पानी हो जाता है शीतल!



### राघवेंद्र स्वामी ने यहां स्वयं की थी पूजा

स्थानीय पौराणिक कथाओं के अनुसार श्री राघवेंद्र स्वामी ने स्वयं मंत्रालय के पास श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर की पूजा की थी। श्री वेंकटेश्वर मंदिर मंत्रालयम गांव में घरों के बीच स्थित है। द्वार पर चौकीदारों की आकृतियों वाला एक स्तम्भ है और स्तम्भ के पीछे एक बड़ा हॉल और एक गर्भगृह है। गलियारे को देवता भगवान वेंकटेश्वर और उनकी पत्नियों की गुड़ियों से सजाया गया है।





### वैज्ञानिक भी नहीं खोज पाए रहस्य

गर्भगृह में श्री वेंकटेश्वर की एक काले रंग की अलंकृत पत्थर की मूर्ति है। यदि वेंकटेश्वर स्वामी की मूर्ति को सिर के ऊपर से एकदम गर्म खौलते हुए पानी से अभिषेक किया जाता है, तो मूर्ति के चरणों तक पहुंचते ही पानी एकदम ठंडा हो जाता है। जबकि 100 डिग्री सेल्सियस के पानी को सामान्य होने में लगभग डेढ़ घंटा लग जाता है। हैरानी की बात है कि यदि मूर्ति की नाभि से गर्म पानी से अभिषेक किया जाता है तो पानी पैरों तक गर्म रूप में पहुंचेगा, केवल सिर के ऊपर से डाला गया गर्म पानी ठंडा हो जाता है। जब इसी मूर्ति का ठंडा पानी से अभिषेक किया जाता है तो चरणों तक आते-आते यह गर्म पानी में परिवर्तित हो जाता है। इस चमत्कार के पीछे का रहस्य बड़ा अविश्वसनीय है। भगवान वेंकटेश की इस सब चमत्कारिक मूर्ति में न जाने ऐसा कौन सा रहस्य छिपा है, जिसका जवाब अभी तक किसी भी वैज्ञानिक को नहीं मिला है।

## कविता



सुमित्रा माथुर, साहित्यकार

### खुली हवा

*आओ! कुछ देर खुली*
*हवा में बैठते हैं,*
*बंद कमरे की हवाओं में*
*अब दम घुटने लगा है।*

*आओ! मुस्कुरा कर*
*जीवन के*
*शेष पलों को जीलें,*
*बीते पलों को छोड़*
*वर्तमान को जी लें।*

*आओ! दो घड़ी खुद ही*
*से बात कर लें*
*कितने मोह पास में*
*बंधे हैं हम कि*
*प्यार भी स्वार्थी लगने*
*लगा है।*

*आओ ! रिश्तों की*
*गहराई में*
*उतर कर देख लें*
*सभी रेत के घरौंदे लगे*
*न जाने कब बिखर जाएं*
*आओ! सागर की लहरों*
*को निहार लें ।*

*किनारे से टकराती*
*पुनः अपनों में लौट जाती*
*जीवन जीने की कला*
*इन्हीं से सीख लें।*

## यूथ कॉर्नर

# विद्यार्थियों का कैसे लौटे पढ़ाई में ध्यान?



अर्चना त्यागी, लेखिका

अंकित स्कूल तो जाने लगा था, लेकिन उसका मन पढ़ाई में बिल्कुल नहीं लग रहा था। पिछले एक डेढ़ साल से घर में ही था। स्कूल जाने की आदत छूट गई थी। टीचर्स के लेक्चर सुनना, होमवर्क करना और नहीं होने पर डांट सुनना अब आदत में नहीं रहे थे। अंकित एक औसत छात्र था, लेकिन कक्षा के इंटेलिजेंट बच्चे भी इसी समस्या से गुजर रहे थे। इतने लंबे समय तक घर के एक कमरे में बैठकर ऑनलाइन क्लास अटेंड करने से सभी एक अलग मानसिक स्थिति में पहुंच गए थे। छात्र, अभिभावक और अध्यापक तीनों ही नहीं समझ पा रहे थे कि ऐसा क्यों हो रहा है? इस समस्या का हल क्या है? छात्रों में हुए इस बदलाव को समाप्त करके उन्हे वापिस पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना होगा।

**दोहरान कार्यः** भले ही छात्र की याददाश्त तेज हो फिर भी स्कूल में पढ़ाए गए विषयों को घर पर दोहराने की आवश्यकता होती है। ऐसा करने से वह टॉपिक समझ आ जाता है और याद भी रहता है।

**पिछली कक्षा के टॉपिकः** कक्षा छोटी हो या बड़ी, पिछली कक्षा के कुछ टॉपिक वापिस आते ही हैं। ये टॉपिक बीच बीच में आते हैं। अध्यापक से उन टॉपिक को पढ़ें। इससे विषय पर पकड़ मजबूत होगी।

**परामर्श कक्षाएंः** विद्यालयों ने कक्षाएं तो शुरू कर दी हैं, लेकिन छात्रों से उनकी मन स्थिति के विषय में कोई बात नहीं की है। कोर्स पूरा करना ही उनका लक्ष्य है। ऐसे में शिक्षक कड़ाई से नहीं, बल्कि सहानुभूति से उनके साथ पेश आएं। विद्यार्थियों को बताया जाना चाहिए कि इस माहौल में उन्हें कैसे खुद को ढालना है।

**आत्मविश्वास नहीं खोएंः** आत्मविश्वास वह गुण है जो असंभव को संभव में बदल देता है। इसलिए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बनाकर रखना है। पढ़ाई कितनी भी मुश्किल हो, लेकिन असंभव नहीं होती है। खुद की सामर्थ्य पर विश्वास रखें।

**उदार शिक्षाः** विदेशों की भांति यदि हमारे देश में भी लिबरल एजुकेशन को अपना लिया जाए तो यह समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है। अपनी रुचि के विषय पढ़ने से ध्यान नहीं भटकता है। अपनी रुचि के कार्य करने के लिए हमें समय नहीं निकलना पड़ता है। हम व्यस्तता के बावजूद उस कार्य को पूरा करते हैं। यही नीति यदि शिक्षा में अपनाई जाए तो छात्रों को बेहतर करने से कोई बाधा नहीं रोक पाएगी।

## पुस्तक समीक्षा

# ग्रामगाथा से महागाथा होने की एक अद्भुत यात्रा



हरेश वाशिष्ठ,
वरिष्ठ पत्रकार

हम सब के भीतर एक गांव, एक शहर, एक घर हमेशा सांस लेता रहता है। अंतर्मन में बसा यह गांव, यह शहर क्या कभी हमें बेचैन भी करता रहता है। क्या कभी ये बेचैनी इस कदर बढ़ जाती है कि वह हमें बरसों तक ठीक से सोने नहीं देती। कुछ कुछ ऐसा ही हुआ अर्ध सैनिक बल के एक वरिष्ठ अधिकारी के साथ। यह सपना था अपनी जड़ों की तलाश का। शिव कुमार शर्मा के लिए यह सपना बन गया अपने गांव आहूं के मूल तत्व की खोज का। जब हम अपने गांव से बाहर लंबे समय तक रहते हैं तो गांव हमारे लिए एक तीर्थ बन जाता है और शिवकुमार शर्मा के के लिए अपने इस तीर्थरूपी गांव की खोज एक ऐसी अनवरत यात्रा बन गई जो लगातार सात साल तक चली। यह यात्रा थी अपने इस तीर्थ को पहले अतीत में और फिर वर्तमान में खोजने की। अतीत की अपनी इस यात्रा में वह जहां वैदिककाल में ऋग्वेद तक पहुंच गए, वहीं उन्होंने सैंकड़ों अमेरिकी वेबसाइटों तक को खंगाल डाला। इतिहास के इन मूलस्रोत में झांकते




झांकते उन्हें जो जानकारी मिली वह अद्भुत थी। आहूं गांव का इतिहास एक ग्राम्य गाथा है जिसका विस्तार इस तरह होता है कि इसने महागाथा का रूप ले लिया।

इस ग्रामगाथा के माध्यम से महाभारतकालीन क्षेत्र कुरुक्षेत्र की भूमि के एक छोटे से गांव आहूं की यह कथा केवल एक गांव की कथा नहीं अपितु कौरवी बोली वाले इस पूरे जनपद के इतिहास का रूप ले लेती है। कुरुक्षेत्र की 48 कोस की पवित्र परिधि में स्थित 360 तीर्थों में एक आहूं का प्राचीन नाम अह्न है, जिसका शाब्दिक अर्थ है दिन। पुस्तक में इसके पश्चात दिल्ली मुगल बादशाहों का शासन, बाबा बंदा बहादुर, पूंडरी के सैयदों, अंग्रेजों के शासन के दौरान आहूं में आकर बसने वाले लोगों का उल्लेख लगातार मिलता है। आहूं की जागीर और किले का वर्णन भी पुस्तक में लाहौर के सिविल एंड मिलिट्री गजट अखबार और 1891 कि सेटलमेंट रिपोर्ट के हवाले से बड़े प्रभावी ढंग से किया गया है। शिवकुमार शर्मा अपनी इस पुस्तक को लिखते हुए जिन अनुभवों से होकर गुजरे हैं ,उसका भी उन्होंने विस्तार से उल्लेख किया है।

## शब्दों की सीख

# न दैन्यं न पलायनं

*'सच कहती हो इरा, किन्तु क्या तुम्हें नहीं लगता कि यदि नदी समुद्र में समाहित हो कर अपना अस्तित्व मिटा देने के लिए लालायित रहती है तो केवल इसलिए कि सागर उसे अपनी विशालता के बल पर बांधने में समर्थ है। रही संस्कृति की बात तो वह कहते हैं न दैन्यं न पलायनं...।'*



वंदना
लेखिका, स्कूल प्रिंसिपल हैं

'चित्रा! आज फ्री हो?... तुम्हारी बेटी तुमसे मिलना चाहती है' इरा ने फोन पर बताया। 'ओह नव्या! वो कब आई' मैंने पूछा तो दूसरी तरफ से पुलकित नव्या का स्वर सुनाई दिया... 'मौसी मिलकर बात करेंगे मेरी पसंद का खाना तैयार रखना' खाना तैयार करते हुए सब कुछ एक फिल्म रील की तरह चल रहा था- 'चित्रा दी! चित्रा दी! जल्दी दरवाजा खोलिए' यह रेवा की आवाज थी, घड़ी की ओर देखा रात के साढ़े दस बजे थे। दरवाजा खोला तो वो कुछ घबराई सी लगी। 'घर चलो और अपनी सहेली के हाल देखो' कहते हुए उसने सामने पड़ा बैग व स्टेथोस्कोप उठा लिया। एक बारगी तो मैं कुछ समझ नहीं पाई, लेकिन जल्दी ही इरा का चेहरा सामने घूम गया- 'शायद उसके पति ने मार पीट की होगी' यंत्रवत कदम उनके घर की ओर बढ़ गए। घर पर ताई (इरा की मां) भी बैचैन दिखाई दी।

अरुण चाचा जो कि हमारे पड़ोसी हैं, इरा के पास बैठे दिलासा देने की कोशिश कर रहे थे। इरा की आंखों से निरंतर आंसू बह रहे थे। देखते ही समझ आ गया कि शारीरिक आघात सहते रहने की आदी हो चुकी इरा इस बार विशेष मानसिक पीड़ा से जूझ रही है। दवाइयों के साथ नींद का इंजेक्शन दिया था, कुछ ही देर में इरा सो गई। बाहर के कमरे में पहुंची तो ताई का स्वर उभरा 'कंवर साहब को फोन कर देना चाहिए।' 'उस जल्लाद को! जिसने नन्हीं सी बेटी के साथ इरा दी को मौत के मुंह में धकेल दिया। यह तो अरुण चाचा की नजर पड़ गई वर्ना तुम खुद अपनी बेटी का चेहरा देखने को तरस जाती' रेवा ने चिढ़कर कहा। 'तू खुद तो घर बसाने की सोचती नहीं, उसे भी सही रास्ते पर मत चलने दे।' ताई का स्वर ऊंचा हो गया था। मैंने रेवा को चुप रहने का इशारा किया। 'मैं चित्रा दी के घर जा रही हूं।' कहकर रेवा ने बैग उठाया और मेरे साथ चल दी। मैं जानती हूं रेवा के जिस आक्रोश को मैंने रोका है वो अब मेरे सामने फूटेगा। ताई की नजर में रेवा एक बिंदास लड़की है। उसे घर परिवार में रहने का सलीका नहीं आता, लेकिन हमारा नजरिया कुछ और है। भला जो लड़की घर बाहर के काम फुर्ती और सफलता से निपटाती है। पढ़ने लिखने में अव्वल हो। पास पड़ोस वालों से सहृदयता से पेश आती हो, उसे परिवार में रहना नहीं आता। यह मानने वाली बात नहीं है। हां! गलत बात को बर्दाश्त करना उसके बस की बात नहीं। घर के काम तो वह इतनी अच्छी तरह निपटाती है कि खुद ताई भी फूली नहीं समाती, लेकिन उसके शादी न करने के फैसले से ताई दुखी है। इरा की गृहस्थी को उदाहरण बनाकर रखते ही रेवा और ताई के ग्रह एक दूसरे के विपरीत हो जाते हैं। हमारे घर आते ही रेवा फफक कर रो पड़ी- 'जानती हो चित्रा दी आज उन लोगों ने



इरा दी को इस ठिठुरती रात में दस बजे घर से बच्ची के साथ बाहर निकाल दिया।' इरा दी बेसुध सी रेल की पटरियों पर चल रही थी कि अरुण चाचा ने देख लिया और किसी तरह घर ले आए और अब मां उन लोगों को ही फोन... कहते-कहते रेवा हथेलियों से मुंह ढक कर सिसकने लगी थी। कॉफी पी कर कुछ देर हम चुपचाप बैठे रहे। 'हम सुबह इरा से बात करेंगे तुम फिलहाल उसकी सेहत का ध्यान रखो और ताई जी से बहस करने की कोई जरूरत नहीं।'कहकर मैं रेवा को घर छोड़ आई। बारह बज चुके थे और मेरी आँखों से नींद पूरी तरह से गायब थी। इरा और रेवा में बस सहनशीलता का ही अंतर था, वरना दोनों खूबसूरती पढ़ाई और शालीनता की मिसाल थी। रेवा जहां हर गलत बात का विरोध दृढ़ता से करती थी, वहीं इरा समझौते की राह में विश्वास करती थी। विवाह से पूर्व लेक्चरर थी इरा। पति के शक्की मिजाज के कारण नौकरी छोड़ी और दिनोदिन घरेलू समस्याओं में समझौते की राह पकड़ झुकती रही। जिन समस्याओं से वह किनारा कर रही थी, वही सब उसे इस कायरतापूर्ण मार्ग पर धकेल ले गई थी। इरा के बारे में सोचते सोचते ही नींद आ गई। सुबह इरा का हाल जानने पहुंची तो लगा पहले से कुछ ठीक है, लेकिन रात के घटनाक्रम को लेकर शायद शर्म महसूस कर रही थी। टूटे हुए मन को जोड़ने का वक्त अभी नहीं आया था।

उधर रेवा और ताई जी रात की संबंधियों को खबर करने की बात को लेकर फिर उलझ गए थे। 'चित्रा दी! आप ही बताइए जब उन्हें इनकी जरूरत ही नहीं तो...' 'रेवा! हम लड़की वाले हैं आखिर हमें ही झुकना...''कब तक ताई जी कब तक... न चाहते हुए भी मुझे दखल देना पड़ा।' आपकी इसी सोच ने रात को आपकी बेटी को कहां पहुंचा दिया था, अब तक आने उसके मन की सुध नहीं ली और फिर वही सब दुहराना चाहती हैं।' 'तुम लड़कियां यह क्यों नहीं समझती कि दुनिया जीने नहीं देगी, यही कहेगी कि लड़की में ही कोई खोट है' ताई ने प्रतिवाद किया।

'ताई जी! जिस राह पर वह रात चल पड़ी थी, उसके बारे में दुनिया क्या यही नहीं कहती?' 'इतने कानून बन जाने के बाद भी ये पढ़ी लिखी महिलाएं...।' रेवा अब भी आवेश में थी। 'रेवा कानून समाज को सुधारने का मार्ग जरूर है, पर जब उसे तोड़ मरोड़ कर गलत तरीके से इस्तेमाल किया जाता है, तो समाज को सही दिशा मिलने के बजाय उच्छृंखलता ही बढ़ती है, देखती नहीं किस तरह अदालतों में केसों के ढेर बढ़ रहे हैं...' इस बार इरा का स्वर सुनाई दिया। 'लेकिन दीदी इस तरह विरोध न करके बार बार सिर झुका कर क्या हासिल होने वाला है?' रेवा ने प्रश्न किया।

'इस समाज ने नारी को देवी कहकर उसे अपनी संस्कृति और गौरव की रक्षा का भार सौंप रखा है। इस गौरव को वह उतार कर फेंक नहीं सकती और न ही केवल कानून उसे सम्मान दिला सकता है। नदी की मंजिल तो सागर ही है।' 'सच कहती हो इरा, किन्तु क्या तुम्हें नहीं लगता कि यदि नदी समुद्र में समाहित हो कर अपना अस्तित्व मिटा देने के लिए लालायित रहती है तो केवल इसलिए कि सागर उसे अपनी विशालता के बल पर बांधने में समर्थ है। छोटी-मोटी तरंगों की बात तो जाने दो चंद्रमा के आकर्षण से उठने वाले ज्वार को भी समुद्र थामे रहता है, फिर कोई नदी उससे अलग नहीं हो सकती। रही संस्कृति की बात तो वह कहते हैं न दैन्यं न पलायनं...। फिर चाहे नदी रूप में जीवन बांटती चलो या समुद्र संग मोती सिरजो।' न दैन्यं न पलायनं...। दोहराते हुए इरा ने नन्हीं नव्या को सीने से लगाते हुए बाहों में समेट लिया। चेहरे की दृढ़ता ने जता दिया था कि वह अब इस बच्ची के लिए नौकरी भी करेगी और आत्मसम्मान से जिएगी भी। डोरबेल बज उठी थी। बाहर निकल कर देखा तो नव्या एयरफोर्स ऑफिसर की यूनिफॉर्म में खड़ी थी सेल्यूट मार कर। मौसी... कहते हुए मुझसे लिपट गई। ओह नव्या... मन प्रफुल्लित हो उठा था उसे देखकर। इरा का दृढ विश्वास से देखा गया सपना पूरा हो गया था।

■■■■

### आपातकाल को लेकर भाजपा-कांग्रेस का एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप

# संविधान की हत्या के बारे में आज की पीढ़ी को जानना जरूरी: त्रिवेदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा आपातकाल की यातनाओं को लेकर कांग्रेस पार्टी पर लगातार हमलावर है। 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की केंद्र सरकार की घोषणा के बाद भाजपा ने कांग्रेस और सभी विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि संविधान की हत्या करने वालों और इस घटना से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में आज की पीढ़ी को जानकारी होनी चाहिए। संविधान हत्या दिवस मनाने के पीछे यही उद्देश्य है कि देश की जनता जाने की किस तरह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए लोकतंत्र का गला घोंट दिया था। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आपातकाल के दौरान देश में घटी घटनाओं के बारे में आज की पीढ़ी को जानने की आवश्यकता है। लोगों को पता चलना चाहिए कि संविधान की हत्या किसे कहते हैं। कांग्रेस ने सात तरीके से संविधान की हत्या की। इंदिरा गांधी को देश के ऊपर रखा गया। यह विचार



नाजीवाद से प्रेरित था। आपातकाल के दौरान देश के सभी नागरिकों के अधिकारों को समाप्त कर दिया गया था। लोगों के जीवन का अधिकार समाप्त कर दिया गया था। लाखों लोगों को जेल में डाल दिया गया था। आज कांग्रेस पार्टी के नेता संविधान की कॉपी लेकर घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि पचास साल पहले की घटना है। शिव सेना नेता संजय राउत के आपातकाल के लिए अराजकता को जिम्मेदार ठहराने वाले बयान पर हमला बोलते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने इंडी गठबंधन से पूछा कि क्या जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुआ आंदोलन अराजक था? लालू प्रसाद यादव इस आंदोलन में शामिल थे तो क्या अराजकता में शामिल थे और अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव अराजकता का हिस्सा थे? सत्ता के भूख में ये लोग अपने ऊपर अराजकता का स्टैंप लगाने से भी नहीं चूक रहे हैं।

## 'वाजपेयी पीएम होते तो वह भी ऐसा ही करते': संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने इमरजेंसी को सही ठहराया है। राउत ने कहा कि उस समय की परिस्थिति ऐसी थी कि अगर अटल बिहारी वाजपेयी भी प्रधानमंत्री होते तो वह भी ऐसा ही करते। संजय राउत ने कहा कि इमरजेंसी का आरएसएस और शिवसेना सुप्रीमो बाल ठाकरे ने भी समर्थन किया था। शिवसेना (यू) का यह बयान मोदी सरकार के उस फैसले के बाद आया है, जिसमें उन्होंने 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का फैसला किया है। संजय राउत ने कहा कि इमरजेंसी उस समय राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर लगाई गई थी।

## प्रियंका ने सरकार पर बोला हमला

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 1975 में आपातकाल लगाने की तिथि 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने के सरकार के फैसले पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि जिन्होंने बार-बार संविधान पर प्रहार किया है वे नकारात्मक सोच के साथ 'संविधान हत्या दिवस' मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन्होंने कभी संविधान को नहीं माना, संविधान लागू करने का विरोध किया, इसका कभी सम्मान नहीं किया और संविधान खत्म करने का आव्हान करते रहे हैं, लेकिन अब वही लोग 'संविधान हत्या दिवस मनाने' जा रहे हैं। प्रियंका ने कहा 'भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है, जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे।

## सोनिया से मिलने उनके आवास पर पहुंचे हेमंत सोरेन



**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी से उनके आवास पर मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। सोरेन ने अपने ट्विटर हैंडल पर यह जानकारी साझा की है। उन्होंने एक तस्वीर भी पोस्ट की है जिसमें वह अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोनिया गांधी के आवास पर उनसे मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद वे सोनिया गांधी से नहीं मिले थे, इसलिए उनसे मिलने उनके आवास पर गए। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने सोनिया गांधी से झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा की।

## BJP को कांग्रेस की गलतियों से बचना चाहिए: नितिन

**पणजी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गोवा में बीजेपी की कार्यकारिणी बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जहां अपनी पार्टी की तारीफ की तो वहीं उसे आगाह भी किया। नितिन गडकरी ने कहा कि बीजेपी अलग सोच वाली पार्टी है और यही कारण है कि वह लगातार जनता का विश्वास जीतने में कामयाब हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने भगवा दल को अतीत में कांग्रेस की गलतियों को दोहराने से बचने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अतीत में कई गलतियां की जिसकी वजह से उसे सत्ता से बाहर होना पड़ा, अगर यही गलती हम भी करते हैं तो फिर उनके सत्ता से जाने और हमारे आने को कोई भी मतलब नहीं रह जाता है। करीब 40 मिनट के भाषण में नितिन गडकरी ने पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने बीजेपी को अलग सोच वाली पार्टी बताया था।

### सात राज्यों की 13 सीटों पर उपचुनाव के नतीजे घोषित

# INDIA का बजा डंका...13 में से 10 सीटें जीतीं, NDA के खाते में 2

### ■ हिमाचल-उत्तराखंड की 4 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा, बंगाल में ममता का जादू

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मध्य प्रदेश, बिहार समेत 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन को जबरदस्त सफलता मिली है। भाजपा नेतृत्व वाले NDA गठबंधन को दो सीटों से संतोष करना पड़ा। कांग्रेस-TMC ने 4-4 और आप-DMK व निर्दलीय ने एक-एक सीट जीत ली। लोकसभा चुनाव के बाद से ही इंडिया गठबंधन का जोश काफी हाई है। आम चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने के बाद इंडिया गठबंधन ने देश के सात राज्यों की 13 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव में भी कमाल कर दिया है। इन नतीजों में इंडिया गठबंधन बीजेपी पर भारी पड़ी है। उपचुनाव में बिहार, पश्चिम बंगाल से लेकर उत्तराखंड तक बीजेपी को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। इन उपचुनाव में इंडिया गठबंधन ने 13 में से 10 सीटों पर जीत हासिल की है। बीजेपी के खाते में महज दो ही सीट आई है।



## BJP को हार से लेना चाहिए सबक: स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम(द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने उपचुनाव में विपक्षी इंडिया समूह के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा को इस हार से सबक लेना चाहिए और समझना चाहिए कि वह राज्य की भावनाओं का सम्मान किए बिना पार्टी और सरकार नहीं चला सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की हार का सिलसिला उपचुनाव में भी जारी रहा। उसने अपने दम पर (हाल के लोकसभा चुनावों में) बहुमत हासिल नहीं किया था, लेकिन अपने गठबंधन सहयोगियों की मदद से केंद्र में सरकार बनाने में सफल रही। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस हार से सबक सीखना चाहिए। कम से कम अब उसे एहसास होना चाहिए कि वह राज्य की भावनाओं का सम्मान किए बिना सरकार और पार्टी नहीं चला सकती।

## BJP की हार मोदी व शाह की गिरती साख का प्रमाण: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को विधानसभा उपचुनाव में पार्टी की जीत को सकारात्मक राजनीति का परिणाम बताया और कहा कि भाजपा की यह हार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की राजनीतिक साख में आ रही गिरावट का परिणाम है। खरगे ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव के सकारात्मक परिणाम के लिए हम जनता के सामने नतमस्तक हैं। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रयासों के लिए उनका अभिवादन करते हैं। ये जीत दर्शाती है कि जनता ने भाजपा के अहंकार, कुशासन और नकारात्मक राजनीति को अब सिरे से नकार दिया है। यह मोदी-शाह की गिरती राजनीतिक साख का भी प्रबल प्रमाण है। जय हिंद, जय संविधान।

## उपचुनाव में जीत: भाजपा पर बरसे राहुल

सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर हमला बोला। राहुल ने कहा कि चुनाव नतीजों से यह साफ हो गया है कि भाजपा का बुना गया भय और भ्रम का जाल टूट चुका है। राहुल ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा कि सात राज्यों में हुए उपचुनाव के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा द्वारा बुना गया 'भय और भ्रम' का जाल टूट चुका है। किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी और नौकरीपेशा समेत हर वर्ग तानाशाही का समूल नाश कर न्याय का राज स्थापित करना चाहता है। अपने जीवन की बेहतरी और संविधान की रक्षा के लिए जनता अब पूरी तरह से I.N.D.I.A के साथ खड़ी है। जय हिंदुस्तान, जय संविधान।

### बंगाल: TMC ने किया विपक्ष का सूपड़ा साफ

पश्चिम बंगाल में हुए चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में टीएमसी ने शानदार प्रदर्शन किया। टीएमसी कैंडिडेट कृष्णा कल्याणी ने रायगंज विधानसभा सीट जीत ली है। उन्होंने बीजेपी के मानस कुमार घोष को 50,077 वोटों से हरा दिया। कांग्रेस के मोहित सेन गुप्ता 23,116 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। बागदा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस की मधुपूर्णा ठाकुर ने जीत हासिल की। उन्होंने बीजेपी के बिनय कुमार विस्वास को 74,251 वोटों से शिकस्त दी। मानिकतला से भी टीएमसी उम्मीदवार सुप्ति पांडे ने जीत हासिल की। राणाघाट दक्षिण सीट से टीएमसी के मुकुट मणि अधिकारी विजयी रहे।

### पंजाब: AAP की झाड़ू ने फिर किया कमाल

पंजाब की जालंधर पश्चिम विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की है। आप प्रत्याशी मोहिंदर भगत ने 37,325 वोटों के अंतर से भाजपा के शीतल अंगुराल को हराया है। कांग्रेस प्रत्याशी सुरिंदर कौर तीसरे स्थान पर रहीं। लोकसभा चुनाव 2024 में जालंधर सीट पर कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की थी। बीजेपी दूसरे स्थान पर थी और आम आदमी पार्टी तीसरे स्थान पर, लेकिन लोकसभा चुनाव के एक महीने के बाद जालंधर में स्थिति पूरी तरह से बदल गई। उपचुनाव में आम आदमी पार्टी पहले स्थान पर रही। बीजेपी दूसरे और कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही।

### उत्तराखंड: कांग्रेस ने BJP का विजय रथ रोका

उत्तराखंड की मंगलौर और बद्रीनाथ सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनावों में राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस ने दोनों सीटों पर जीत दर्ज की है। मंगलौर विधानसभा सीट पर आखिरी चार चरणों में उलटफेर की संभावनाओं के बीच कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन ने बाजी मार ली। काजी ने 422 वोटों से जीत हासिल की है। सभी 10 राउंड की गिनती पूरी होने के बाद कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन को कुल 31,727 वोट मिले, जबकि भाजपा के करतार सिंह भड़ाना को 31,305 वोट मिले। बसपा के उम्मीदवार उबेदुर्रहमान 19,559 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भाजपा को बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर भी हार का सामना करना पड़ा है।

### हिमाचल: कांग्रेस का शानदार प्रदर्शन

हिमाचल प्रदेश में तीन सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस को दो सीटों पर जीत मिली तो वहीं बीजेपी एक सीट पर ही जीत पाई। हिमाचल प्रदेश की नालागढ़ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और भाजपा उम्मीदवार के.एल. ठाकुर को 8,990 मतों से हरा दिया। देहरा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी और कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह को 9,399 मतों के अंतर से शिकस्त दी। वहीं भाजपा के आशीष शर्मा ने हमीरपुर विधानसभा सीट पर 1,571 मतों के अंतर से जीत हासिल की।

### तमिलनाडु : डीएमके ने विक्रवांडी सीट जीती

सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने विक्रवांडी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में 67,757 मतों के अंतर से जीत दर्ज की, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का घटक दल पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) 56,296 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। विक्रवांडी विधानसभा सीट को बरकरार रखते हुए सत्तारूढ़ द्रमुक ने 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से राज्य में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।

### MP: बीजेपी की बादशाहत कायम

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा को जीत मिली है। पार्टी के उम्मीदवार कमलेश प्रताप शाह ने इस सीट पर जीत हासिल की है। इस क्षेत्र में 10 जुलाई को हुए मतदान में 78.71 मतदाताओं ने वोटिंग की थी। यहां भाजपा, कांग्रेस और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशियों सहित नौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। बीजेपी उम्मीदवार को 83,105 वोट मिले, वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार को 80,078 वोट मिले। बीजेपी को 3 हजार से अधिक मतों से जीत मिली है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रियों के साथ किए रामलला के दर्शन

# छत्तीसगढ़ के सीएम शबरी के बेर लेकर पहुंचे अयोध्या



**एजेंसी** | अयोध्या

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी मंत्रिपरिषद के सहयोगियों के साथ शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। मुख्यमंत्री साय के साथ छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल भी दर्शन के लिए पहुंचे थे।

दर्शन करने वालों में उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री टंकराम वर्मा भी रहे।

मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर भगवान राम के ननिहाल का उपहार भी प्रभु के चरणों में अर्पित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ से शबरी माता की भूमि शिवरीनारायण से बेर तथा पवित्र जल, विष्णु भोग का चावल, अनारसा, करी लड्डू तथा कोसे के वस्त्र प्रभु को अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रभु राम से छत्तीसगढ़ के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की।

### छत्तीसगढ़ के भांजे हैं श्रीराम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हम लोग पूरी कैबिनेट के साथ रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम आए। भगवान श्रीराम हमारे छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। भांचा राम के दर्शन के लिए हम लोग बहुत उत्सुक थे। भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से वो शुभ घड़ी आ गई है, जब हम लोगों को अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला। जब हमने रामलला के दर्शन का निर्णय लिया तो सोचा कि जब अपने भांजे के दर्शन के लिए जाएंगे तो उनके लिए ननिहाल की तरफ से क्या उपहार लेकर जाएं। फिर विचार आया कि इससे अच्छा उपहार भगवान श्रीराम के लिए क्या हो सकता है कि हम उस पवित्र भूमि शिवरीनारायण से बेर ले जाकर भगवान को भेंट करें, जहां के बेर खुद माता शबरी ने प्रभु राम को अपने हाथों से खिलाए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन जूठे बेरों का स्मरण हमेशा के लिए लोक स्मृति में दर्ज हो गया है। माता शबरी की इस धरती से भगवान श्रीराम के लिए यह उपहार ले जाने का हमें सौभाग्य मिला, इससे बढ़कर हमें क्या चाहिए।

### हिप्र में उपचुनाव के नतीजों ने बढ़ाया सीएम सुक्खू का कद

# हिमाचल प्रदेश में पहली बार सदन में नजर आएगी पति-पत्नी की जोड़ी

**एजेंसी** | शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अब तक के 18 माह के कार्यकाल में कांग्रेस ने लगातार दूसरे उपचुनाव में भाजपा को पटखनी दी है। एक माह पहले कांग्रेस ने छह में से चार सीटों पर जीत दर्ज कर अपनी सरकार को मजबूत किया था। अब दूसरे उपचुनाव में भी कांग्रेस ने भाजपा को करारी शिकस्त दी है। भाजपा की जोरदार घेराबंदी के बावजूद मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी पत्नी कमलेश को पहली बार विधानसभा पहुंचाने में कामयाब रहे। यह पहला मौका होगा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा में पति-पत्नी की जोड़ी देखने को मिलेगी। सुक्खू की अगुवाई में हुए



उपचुनाव में नालागढ़ में भी कांग्रेस की वापसी हुई है। हालांकि सुक्खू अपने गृह जिला हमीरपुर में कांग्रेस को जीत नहीं दिला पाए। हमीरपुर में कांग्रेस 21 वर्षों से लगातार हार रही है। उपचुनाव के नतीजों से सुक्खू का कद और बढ़ गया है। सीएम की पत्नी को देहरा से टिकट मिलने पर कांग्रेस में बगावत देखी गई थी। पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी राजेश शर्मा ने सीएम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था, लेकिन सीएम उन्हें मनाने में कामयाब रहे और अब देहरा सीट आसानी से कांग्रेस की झोली में आ गई है। इन उपचुनावों में प्रदेश कांग्रेस अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के आसरे नहीं रही। उपचुनाव के स्टार प्रचारकों में केवल सीएम सुक्खू पर ही सारा दारोमदार था। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य बड़े नेता चुनाव प्रचार में नहीं आए। हालांकि सुक्खू के सारे मंत्री और अन्य कांग्रेस नेता प्रचार में सक्रिय थे, पर देहरा और हमीरपुर का प्रचार सीएम सुक्खू के जिम्मे ही था। दूसरी बार उपचुनाव में जीत से सुक्खू की कांग्रेस हाईकमान के सामने फिर धाक बन गई है। साथ ही उनकी सरकार पहले से ज्यादा मजबूत हो गई है।

## हमीरपुर में अनुराग ठाकुर का कमाल

हमीरपुर सीट पर कांटे के मुकाबले में जीत भाजपा को मिली। इस सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर की मेहनत रंग लाई। ये जीत अनुराग ठाकुर के लिए संजीवनी का काम करेगी। दरअसल पिछले महीने हुए उपचुनाव में सुजानपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा को मिली हार से पार्टी में बवाल मच गया था और अनुराग समर्थकों पर भितरघात के आरोप लग रहे थे। इस बार भाजपा नेतृत्व ने अनुराग ठाकुर को हमीरपुर उपचुनाव का जिम्मा सौंपा था। इस सीट को जीतने के बाद अनुराग ठाकुर का पार्टी नेतृत्व के समक्ष कद बढ़ेगा। मुख्यमंत्री सुक्खू का गृह जिला होने के कारण कांग्रेस यहां जीत के प्रति आश्वस्त थी।

## उपचुनाव में जीत से मजबूत हुई सुक्खू सरकार, बहुमत से पांच ज्यादा


सुक्खू सरकार विधानसभा उपचुनाव में जीत से मजबूत हो गई है। चुनावी नतीजों ने भाजपा के उस लक्ष्य को विफल कर दिया है, जिसे कांग्रेस आपरेशन लोटस कहती है। 68 सदस्यीय हिमाचल विधानसभा में कांग्रेस का संख्या बल अब 40 पहुंच गया हैं, वहीं भाजपा 28 पर रह गई है। सरकार बनाने के लिए 35 विधायक चाहिए और कांग्रेस के बहुमत से पांच विधायक ज्यादा हैं।

## देहरा के नतीजे बदलेंगे कांगड़ा की सियासी फिजा

देहरा उपचुनाव में मिली जीत से आने वाले समय में कांगड़ा की सियासी फिजा में नया देखने को मिल सकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू अब हमीरपुर के साथ कांगड़ा के भी नेता शुमार हो गए हैं। वह चुनाव प्रचार में लगातार इस बात को भुनाते रहे कि कांगड़ा जिले में उनकी ससुराल है। 15 सीट वाला कांगड़ा जिला प्रदेश की सियासत में अहम योगदान रखता है। सुक्खू कैबिनेट में मंत्री का एक पद अभी रिक्त चल रहा है। कांगड़ा जिले से अभी दो ही मंत्री हैं। माना जा रहा है कि देहरा में मिली जीत के बाद कांगड़ा जिले को मंत्रिपद का तोहफा मिल सकता है। इस उप चुनाव में मतदाताओं ने दल-बदल की सियासत को पूरी तरह नकार दिया है। दरअसल तीनों पूर्व निर्दलीय विधायक अपनी विधायकी छोड़ भाजपा की टिकट पर चुनाव में उतरे थे, लेकिन मतदाताओं ने इसे स्वीकार नहीं किया। उपचुनावों में सीएम सुक्खू ने भाजपा में शामिल हुए तीनों पूर्व निर्दलीय विधायकों को घेरने के लिए जबरदस्त रणनीति बनाई। उन्होंने उपचुनाव में धनबल बनाम जनबल को बड़ा मुद्दा बनाया। प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री पूर्व निर्दलीय विधायकों पर बिक जाने के आरोप लगाते रहे।

## जरूरी खबर

### एंबुलेंस-लॉरी में भीषण टक्कर, 6 की मौके पर मौत



**खड़गपुर।** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के अंतर्गत घाटाल से मरीजों को लेकर मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज जाते समय केशपुर में एंबुलेंस पंचमी के पास एक लॉरी से टकरा गई। इस दुर्घटना में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लॉरी मेदिनीपुर की दिशा से केशपुर की ओर जा रही थी। दूसरी ओर घाटाल से एक एंबुलेंस मरीजों को लेकर मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज आ रही थी, तभी पंचमी के पास स्थित बड़े पोल के पास हादसा हो गया। घटना में एंबुलेंस में सवार अधिकांश लोग मारे गए हैं और कुछ घायल हुए हैं।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज आएंगे इंदौर

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत इंदौर में रविवार को 51 लाख पौधे रोपे जाएंगे। अभियान का हिस्सा बनने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को इंदौर आएंगे। शाह यहां तीन कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर 4 घंटे शहर में रहेंगे। गृह मंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में 10 हजार बच्चों को संबोधित करेंगे। इस दौरान कई कॉलेज के स्टूडेंट्स वर्चुअली जुड़ेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार इंदौर आ रहे केंद्रीय गृह मंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं।

### CJI ने किए मां विंध्यवासिनी के दर्शन



**मिर्जापुर।** भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस धनंजय वाई चंडचूड ने शनिवार को विंध्याचल में विंध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। सीजेआई की यह धार्मिक यात्रा थी। उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजन कर लघु त्रिकोण परिक्रमा पूरी की। मुख्य न्यायाधीश के सारे धार्मिक अनुष्ठान को स्थानीय भाजपा विधायक एवं मंदिर के पुरोहित रत्नाकर मिश्र के भतीजे धीरज मिश्र और उनकी टीम के पंडितों द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## 46 साल बाद आज खुलेगा जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार



**पुरी।** ओडिशा सरकार पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार रविवार को खोला जाएगा। मंदिर का खजाना आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। पैनल के सुझाव के मुताबिक पारंपरिक पोशाक में पुजारी पहले मंदिर के अंदर भगवान लोकनाथ की पूजा करेंगे। एहतियात के तौर पर अधिकृत कर्मचारी और एक सांप पकड़ने वाला पहले अंदर जाएगा। राज्य सरकार द्वारा गठित 16 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति ने 14 जुलाई को रत्न भंडार को फिर से खोलने की सिफारिश की। पारंपरिक पोशाक का पालन करते हुए सबसे पहले मंदिर के अंदर भगवान लोकनाथ की पूजा होगी। एहतियात के तौर पर सबसे पहले अधिकृत कर्मी और एक सांप पकड़ने वाला कोषागार में प्रवेश करेगा

### रक्षा मंत्री को दिल्ली AIIMS से किया डिस्चार्ज



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दिल्ली एम्स से डिस्चार्ज कर दिया गया है। कमर दर्द की शिकायत के बाद उन्हें एम्स के प्राइवेट वार्ड में भर्ती कराया गया था। एम्स में उनकी एमआरआई जांच भी कराई गई है। न्यूरो सर्जन डॉ. अमोल रहेजा की देखरेख में उनका इलाज किया गया। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान हेलिकॉप्टर से उतरते समय एक बार पैर फिसल जाने से राजनाथ सिंह की कमर में खिंचाव आ गया था। दवा और इंजेक्शन लेकर वह काम कर रहे थे, लेकिन बुधवार देर रात दर्द अचानक बढ़ जाने के कारण उन्हें अस्पताल जाना पड़ा। उन्हें एक सप्ताह आराम करना होगा, जिससे दर्द दूर करने में सहायता मिलेगी।

## मोदी ने मुंबई में किया 29,400 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

# बीते 3-4 साल में पैदा हुईं 8 करोड़ नई नौकरियां: PM

एजेंसी | नई दिल्ली/मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग फर्जी बातें फैला रहे हैं। वे विकास, निवेश और रोजगार के दुश्मन हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना के बावजूद भारत में रिकॉर्ड संख्या में रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि हाल में रोजगार के बारे में आरबीआई ने एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले तीन-चार सालों में देश में करीब आठ करोड़ नए रोजगार पैदा हुए हैं। इन आंकड़ों ने उन लोगों का मुंह बंद कर दिया है, जो झूठी बातें फैला रहे थे। प्रधानमंत्री ने विपक्षी नेताओं पर बुनियादी परियोजनाओं और विकास के कार्यों में अड़ंगा डालने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश के लोग उनकी साजिशों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये लोग निवेश, बुनियादी ढांचा और देश के विकास के कामों का विरोध करते हैं और अब उनकी कलई खुल गई है। देश के नागरिक उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।

इस अवसर पर पीएम मोदी ने मुंबई और उसके आसपास के क्षेत्रों में संपर्क सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 30 हजार करोड़ रुपए की सड़क मार्ग और रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना का भी उद्घाटन किया। 76 हजार करोड़ रुपए की इस परियोजना के तहत हर साल 10 लाख शिक्षित युवाओं को भत्ते के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा।



### कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास

पीएम मोदी ने मुंबई में शनिवार को कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उनमें गोरेगांव-मुलुंद सड़क मार्ग परियोजना का भूमि पूजन, ठाणे-बोरीबली दोहरी सुरंग-सड़क परियोजना का शिलान्यास भी शामिल है। मोदी ने 16,600 करोड़ रुपए की लागत वाली ठाणे बोरीवली सुरंग परियोजना की आधारशिला रखी। ठाणे और बोरीवली के बीच यह ट्विन ट्यूब सुरंग संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के नीचे से गुजरेगी, जो बोरीवली की तरफ वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे और ठाणे की तरफ ठाणे घोड़बंदर रोड के बीच सीधा संपर्क बनाएगी। परियोजना की कुल लंबाई 11.8 किलोमीटर है। इससे ठाणे से बोरीवली की यात्रा 12 किलोमीटर कम हो जाएगी और यात्रा समय में लगभग 1 घंटे की बचत होगी।



### 'महाराष्ट्र को सबसे बड़ी वित्तीय शक्ति बनाने का लक्ष्य'

पीएम मोदी ने कहा कि मेरा लक्ष्य महाराष्ट्र को दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय शक्ति बनाना और मुंबई को वैश्विक फिनटेक राजधानी बनाना है। एक दिवसीय दौरे पर मुंबई आए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश-विदेश के निवेशकों में पिछले एक महीने में उत्साह स्पष्ट तौर पर दिखा है। हमारी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना रफ्तार से काम करेगी। उन्होंने कहा कि देश जनता लगातार तेज विकास और 2047 देश के विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि राजग के विकास एजेंडा में वंचितों को वरीयता देना है। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और रामदास अट्ठावले, राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी उपस्थित रहे।

### NDA सरकार दे सकती है स्थिरता और स्थायित्व

पीएम मोदी ने कहा कि 10 साल पहले मुंबई में मेट्रो रेल केवल आठ किलोमीटर लंबा नेटवर्क था, जो अब 80 किमी तक पहुंच गया है और 200 किमी की लाइनों पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य में मुंबई में जीवन की गुणवत्ता को अच्छे से अच्छा बनाना है। महाराष्ट्र सरकार भी इसी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। संपर्क सुविधाएं अच्छे होने से महिलाओं को सुरक्षा, सुविधा और सम्मान मिलता है। राजग सरकार के काम देश के गरीब, किसान, नारी शक्ति और युवा शक्ति को सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े हर निवेशक ने उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल का उत्साह से स्वागत किया है, क्योंकि लोग जानते हैं कि राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (राजग) सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है। मोदी ने कहा कि राजग सरकार का एजेंडा वंचित को वरीयता देना है। इसी संदर्भ में उन्होंने गरीबों के लिए चार करोड़ घर और रेहड़ी-पटरी वालों के लिए मुद्रा ऋण योजना जैसे कार्यक्रमों का उल्लेख किया और कहा कि सरकार गरीबों के लिए तीन करोड़ और घर बनवाने जा रही है।

## पांच ट्रेनें रद्द... कई का मार्ग बदला

# बिहार में मालगाड़ी के छह डिब्बे बेपटरी



एजेंसी | पटना

बिहार में दानापुर रेल मंडल के इस्लामपुर-फतुहा रेलखंड पर दनियावां के पास एक मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस वजह से पांच ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। साथ ही कई ट्रेनों का रूट बदला गया है।

सूचना पर रेलवे के कई बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। हादसे के बाद 03224 फतुहा-राजगीर पैसेंजर, 03395 इस्लामपुर-पटना पैसेंजर, 03237 हिलसा-फतुहा पैसेंजर, 03631 नटेसर-फतुहा पैसेंजर और 03272 पटना-इस्लामपुर पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। इस्लामपुर-नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस को इस्लामपुर-नटेसर-राजगीर-बख्तियारपुर-फतुहा के रास्ते जबकि नई दिल्ली-इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस का आंशिक समापन फतुहा में किया गया।

## बिहार में आसमान से गिरी आफत

# बिजली गिरने से 24 घंटे में 21 की मौत

- CM ने दिए 4-4 लाख मुआवजा देने के निर्देश

एजेंसी | नई दिल्ली

बिहार में आसमान से आफत गिर रही है। पिछले 24 घंटों में आकाशीय बिजली गिरने से 21 लोगों की मौत हो गई। कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। कई घर नदी में समा चुके हैं। कुछ लोग घर छोड़ने के लिए मजबूर हो गए हैं। गाज गिरने से सबसे ज्यादा छह मौतें मधुबनी में हुईं। औरंगाबाद में चार, पटना और रोहतास दो, भोजपुर, कैमूर, सारण, जहानाबाद, गोपालगंज, सुपौल, लखीसराय और मधेपुरा जिलों में एक-एक मौत हुई। सीएम नीतीश कुमार ने मौतों पर शोक व्यक्त किया और मृतक के परिजनों को चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

### सैकड़ों एकड़ फसल हुई बर्बाद

बिहार में बारिश और आंधी-तूफान जारी है। जुलाई में अब तक बिजली गिरने से 70 लोगों की मौत हो चुकी है। बारिश के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। मुजफ्फरपुर सहित कई जिलों में सैकड़ों एकड़ फसल बाढ़ के चलते बर्बाद हो गई है। किसानों ने सरकार से भी मुआवजे की मांग की है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बेटे का शादी समारोह

# अनंत-राधिका को आशीर्वाद देने पहुंचे मोदी... कई दिग्गजों ने की शिरकत

एजेंसी | मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार शाम मुंबई में अनंत अंबानी, राधिका मर्चेंट के 'शुभ आशीर्वाद' समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़े से मुलाकात की और उन्हें वैवाहिक जीवन की नई यात्रा के लिए आशीर्वाद दिया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। प्रधानमंत्री को परिवार और नवविवाहितों से मुलाकात करते देखा गया। RIL के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने जियो वर्ल्ड सेंटर में प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया। अनंत-राधिका के आशीर्वाद समारोह में शनिवार को बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन, शाहिद कपूर और माधुरी दीक्षित समेत देश-विदेश की मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। समारोह में अमेरिकी रियलिटी टीवी कलाकार किम करदाशियां और उनकी बहन क्लो करदाशियां भी शामिल हुईं। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट शुक्रवार को मुंबई में एक भव्य समारोह में परिणय सूत्र में बंध गए। आशीर्वाद समारोह मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। आशीर्वाद समारोह में बॉलीवुड, राजनीति, हॉलीवुड, व्यापार समेत देश-दुनिया के कई सितारे जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर पहुंचे।



### ये मशहूर हस्तियां भी पहुंचीं

आशीर्वाद सेरेमनी में बॉलीवुड अभिनेता, शाहिद कपूर और माधुरी दीक्षित समेत देश-विदेश की मशहूर हस्तियों ने शिरकत की। इनके अलावा आलिया भट्ट, संजय दत्त, सलमान खान, रणबीर कपूर, हेमा मालिनी, रजनीकांत, शाहरुख खान, जान्हवी कपूर, खुशी कपूर, शिखर पहाड़िया, वेदांग रैना, जैकलीन फर्नांडीज और रश्मिका मंदाना मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर पहुंचे। सानिया मिर्जा, सचिन तेंदुलकर पत्नी अंजलि, एमएस धोनी पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर पहुंचे।



### अंबानी ने किया मोदी का स्वागत

मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता ने नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी जब समारोह हॉल में आए तब हरे रामा..हरे कृष्णा भजन चल रहा था। पीएम मोदी हाथ जोड़े हुए आगे बढ़ रहे थे। मुकेश अंबानी नरेंद्र मोदी के साथ-साथ चल रहे थे। वहीं, एनएसजी के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ पीएम मोदी के आसपास बने हुए थे और सुरक्षा घेरा बनाए हुए थे। वह अनंत और राधिका के पास गए। दोनों ने पैर छूकर पीएम मोदी से आशीर्वाद लिया।

### मोदी ने पैर छूकर लिया अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आशीर्वाद



आशीर्वाद समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती दोनों पहुंचे। अनंत और राधिका ने पहले पीएम मोदी का आशीर्वाद लिया, इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहीं पास में बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के पास पहुंचे और पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।

### एंटीलिया में हुआ छोटी बहू का जोरदार स्वागत

अनंत और राधिका एक-दूजे के हो चुके हैं। शुक्रवार को शादी के बाद राधिका मर्चेंट बहू बनकर अंबानी आवास एंटीलिया में पहुंचीं। इस दौरान ईशा अंबानी ने राधिका का जोरदार स्वागत किया।

### सूरत से कारगिल जाने वाली कारगिल विजय ज्ञान यात्रा 2024 का स्वागत

# सतर्कता से आम नागरिक भी बन सकता है देश का प्रथम सिपाही

**बेधड़क.जयपुर।** 'यह देश जितना सैनिकों का है उतना ही आम आदमी का भी है। आम आदमी अपनी जागरूकता और सतर्कता से देश का प्रथम सिपाही बन सकता है।' ये विचार सेवानिवृत्त कैप्टन मीरा दवे ने रखे। वे ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से कलानेरी आर्ट गैलरी के सहयोग से 'सेना पर सियासत' विषय पर बोल रही थीं। पहले सत्र को संबोधित करते हुए दवे ने कई बातें शेयर कीं। आगे कहा कि कारगिल युद्ध में देश के वीर सैनिकों का बलिदान प्रेरणा देने वाला है। इस युद्ध में युवा सैन्य अधिकारियों ने अपने त्याग और बलिदान से देश को विजयी बनाया। इस दौरान उन्होंने परमवीर चक्र कैप्टन विक्रम बत्रा और कारगिल में शहीद हुए सभी सैनिकों, जिन्होंने कारगिल युद्ध में अभूतपूर्व वीरता का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की सभी का जिक्र किया।



### बलिदानियों का किया जाएगा सम्मान

यात्रा 26 जुलाई 2024 को एक उत्सव के साथ द्रास, कारगिल में समाप्त होगी। कार्यक्रम कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करेगा और भारत की जीत की 25वीं वर्षगांठ मनाएगा। कारगिल विजय ज्ञान यात्रा 2024 का उद्देश्य कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि देने के साथ देश के नागरिकों में देश भक्ति की भावना और जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय महासचिव जसबीर सिंह, राजस्थान धरोहर संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, कलानेरी आर्ट गैलरी के विजय शर्मा, राजेंद्र बोड़ा, महेश शर्मा, जगदीश शर्मा, पुष्कर उपाध्याय, अनुज शर्मा, पाथेय कण के पूर्व प्रबंध संपादक मानक चंद, अनिल लोढ़ा आदि उपस्थित रहे।



### सेना को विवादों से दूर रखने पर जोर

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) अनुज माथुर, द डेली गार्डियन के स्तंभकार सिद्धार्थ दवे और वरिष्ठ अधिवक्ता रमन नंदा ने चर्चा में भाग लिया। सभी सैन्य अधिकारियों ने सेना को राजनीतिक विवादों से दूर रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम्स जोधपुर प्रेसिडेंट डॉ. एस. एस. अग्रवाल ने की। कार्यक्रम से पहले सूरत से कारगिल जाने वाली कारगिल विजय ज्ञान यात्रा 2024 का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमोद शर्मा ने बताया कि कारगिल विजय ज्ञान यात्रा 2024 एक महत्वपूर्ण सड़क यात्रा है, जिसे कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कैप्टन मीरा दवे (सेवानिवृत्त) और सिद्धार्थ दवे ने अपनी कार से शुरू किया। यात्रा सूरत में शुरू हुई है। इसका समापन द्रास कारगिल में होगा। जयपुर से होकर श्रीगंगानगर, अमृतसर, जम्मू और कश्मीर होते हुए द्रास पहुंचेगी। कैप्टन मीरा और सिद्धार्थ छात्रों, शिक्षाविदों, जनता से जुड़ेंगे।

### पेश करेंगी रफी और मुकेश के नगमे

## जवाहर कला केन्द्र में महिलाएं सजाएंगी 'काफिला सुरों का'




**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र के रंगायन ऑडिटोरियम में 20 जुलाई को शहर की 18 महिलाएं कार्यक्रम 'काफिला सुरों का' में अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। शाम 6 बजे से 'सरगम' ग्रुप के बैनर पर होने वाला कार्यक्रम सुपरिचित गायिका मुक्ता चड्ढा के निर्देशन में आयोजित होगा। इस मौके पर मुक्ता भी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम की सह-संयोजक उषा अग्रवाल और अनुराधा माथुर ने बताया कि यह सावन का महीना है, इसलिए सभी गायिकाएं हरे रंग के परिधान पहनकर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम अमर गायक मोहम्मद रफी और मुकेश के समर्पित है, इसलिए इसमें सभी गीत इन दोनों गायकों के गाए हुए पेश किए जाएंगे। नेस्टा होम्स के प्रवर्तक सांवर मल जांगिड़ और राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा समारोह के अतिथि होंगे और महिलाओं का उत्साह बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में मुक्ता चड्ढा, अनुराधा माथुर, डॉ. राशि अग्रवाल, प्रिया बोथरा, कामिनी मुगलानी, संध्या असवाल, प्रियंका शर्मा, भावना कश्यप, निशा शर्मा, रितु श्रीवास्तव, पूनम जैन, गायत्री स्वामी, संतोष भाटी, इला कुलश्रेष्ठ, मीरा सक्सेना, मालती सिंह और रेणु माथुर रचनाएं सुनाएंगी। कार्यक्रम में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश निःशुल्क दिया जाएगा।

### नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक आज

## विश्व में सुख, शांति और समृद्धि के लिए की जाएगी शांति धारा

**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव रविवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर राजधानी के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होंगे। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि सुबह भगवान नेमिनाथ के जलाभिषेक व पंचामृत अभिषेक किए जाएंगे और फिर विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए मंत्रोच्चार के साथ शांति धारा होगी। अष्ट द्रव्य से पूजा करते हुए भगवान नेमिनाथ का निर्वाणोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें निर्वाण काण्ड भाषा के वाचन पश्चात मोक्ष कल्याणक का अर्घ्य व निर्वाण लाडू चढ़या जाएगा। इस मौके पर जनकपुरी के श्रीनेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि समत्व सागर महाराज के सानिध्य में अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार बापूगांव में मूलनायक भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। तारों की कूंट सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, आमेर के श्रीनेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सावलांजी, नेमीसागर कालोनी के श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि, सांगानेर के दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी सहित अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा।



# City इवेंट्स

### 'सहेलियों री तीज' का पोस्टर लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** अनन्य सोच लेडीज क्लब की ओर से आयोजित किए जाने वाले सहेलियों री तीज कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च अजमेर रोड स्थित वी वन प्राइड में किया गया। क्लब फाउंडर अर्चना बैराठी, क्लब प्रेसिडेंट नेहा अग्रवाल, चाइल्ड एक्टर अर्विक बैराठी, वी वन प्राइड के सूर्यकांत सिंह सहित अन्य ने पोस्टर लॉन्च करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी। क्लब फाउंडर अर्चना बैराठी व प्रेसिडेंट नेहा अग्रवाल ने बताया कि सहेलियों री तीज कार्यक्रम 20 जुलाई को अजमेर रोड स्थित वी वन प्राइड में होगा। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां होंगी जिसमें रैंप वॉक, डांस, सिंगिंग, मिमिक्री सहित अन्य चीजें शामिल हैं। इस दौरान मिसेज लहरिया क्वीन, मिसेज तीज क्वीन, बेस्ट रैंप वॉक, बेस्ट ड्रेस, फोटोजेनिक फेस जैसे टाइटल महिला प्रतिभागियों को दिए जाएंगे।

### निशुल्क खाटू बस सेवा 19 को

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स निशुल्क बस सेवा से खाटू श्याम दर्शन के लिए जाएंगे। इसके लिए सोडाला निवासी मनीष ने करीब डेढ़ साल पहले शुरुआत की थी और अब 16वीं निशुल्क बस सेवा का आयोजन 19 जुलाई को किया जाएगा। बस न्यू सांगानेर रोड श्याम नगर मेट्रो स्टेशन के पास से शाम 5 बजे रवाना होगी, जिसमें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर सफर किया जा सकेगा। मनीष ने बताया कि 9829664503 पर संपर्क करके सीट बुक की जा सकती है।

### जयपुराइट्स ने किया प्लांटेशन



**बेधड़क. जयपुर।** टीम 10 ट्री एम्बुलेंस ने विद्याधर नगर के सेक्टर 3 के मंदिर मोड़ से अपोलो टावर की तरफ जाने वाली ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण और श्रमदान किया। साथ ही 205 पौधे लगाए गए। वहीं, टीम के एक अन्य ग्रुप ने रेलिंग पर रंग किया और कॉलोनी के बड़े लोहे के गेट पर ऑयल पेंट किया गया। दिन में बारिश नहीं होने के कारण टैंकर्स से पानी डालते हुए पेड़-पौधों की प्यास बुझाई गई। साथ ही यहां-वहां पड़े मलबे को उठाया गया।

### वायलिन-कथक फ्यूजन से सजा कला का संसार

## वर्षा ऋतु में राग देस की बंदिश ने मौसम को बनाया सुहाना



**बेधड़क | जयपुर**

वायलिन के युवा साधकों ने वर्षा ऋतु में राग देस की 9 मात्रा मे बंदिश बजाई, जिसमें कोयल की कूक और मौर की आवाज जैसा अहसास हुआ।

इसके बाद तीन ताल द्रुत गत में ताने, तिहाई, झाला और तबला-वायलिन की जुगलबंदी ने दर्शकों का मन मोहा। मौका था नेट थिएट के 4 वर्ष पूर्ण होने पर हुए विशेष प्रोग्राम का। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि अब तक इस मंच पर 205 सजीव कार्यक्रमों की प्रस्तुति में लगभग 800 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अनिल मारवाड़ी ने बताया कि चयनित इस मंच पर प्रस्तुति दे चुके कलाकार को 'नेट थिएट व्युअर्स च्वाइस अवॉर्ड-2025' से सम्मानित किया जाएगा। राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि नेट थिएट टीम व कलाकारों ने केक काटकर जश्न मनाया। दूसरी ओर कार्यक्रम में कथक गुरु श्वेता गर्ग की शिष्या रक्षिता शेखावत ने नृत्य से शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने जयपुर घराना का शुद्ध कथक नृत्य ताल तीन ताल में विलम्बित लय-थाट, परण जुड़ी आमद, चक्करदार, परण, परमेलु, द्रुत लय-चक्करदार तोड़ा, कवित्त तथा बांट की प्रस्तुति से दर्शकों को मुग्ध किया और अंत में मीरा का भजन गली तो चारों बंद हुए हैं, प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, कैमरा मनोज स्वामी, संगीत विनोद सागर गढ़वाल और मंच सज्जा अर्जुन देव, अंकित शर्मा नोनू व जीवितेश शर्मा की रही।

### इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में विश्व भर के विशेषज्ञों ने रखे विचार

## गणित का सब्जेक्ट इंजीनियरिंग के साथ-साथ विज्ञान की कुंजी



**बेधड़क | जयपुर**

इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रीसेंट एडवांसेज इन फ्लूइड मकैनिक्स एंड नैनोइलैक्ट्रोनिक्स (ICRAFMN-2024) में विशेषज्ञों ने विचार रखे। जयपुर में हुई कॉन्फ्रेंस में आईसीटी मुंबई के पूर्व कुलपति पदमश्री प्रोफेसर जी. डी. यादव मुख्य अतिथि रहे। विशेष अतिथि यूके के मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जितेश एसबी गज्जर और बैंकॉक के कासेतसार्ट विश्वविद्यालय के प्रोफेसर चावलित किट्टीचाईकरन थे। प्रो. जीडी यादव ने जैविक, भौतिक, परमाणु और सीमा परत क्षेत्रों में फ्लूइड मकैनिक्स और नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स के अनुप्रयोगों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि गणित इंजीनियरिंग और विज्ञान की कुंजी है। कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए यूएस, थाईलैंड, यूके, वेस्टइंडीज, यूएई, जर्मनी, तंजानिया, बांग्लादेश और मलेशिया जैसे विश्व के 300 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। कॉन्फ्रेंस में इंजीनियरिंग और विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लूइड मकैनिक्स और नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रयोगात्मक, विश्लेषणात्मक और कम्प्यूटेशनल पहलुओं जैसे विभिन्न विषयों को शामिल किया गया। आईसीआरएएफएमएन संयोजक प्रो. कल्पना शर्मा ने सभी प्रतिभागियों और वक्ताओं का स्वागत किया। आईसीआरएएफएमएन 2024 के चेयरपर्सन डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कॉन्फ्रेंस के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। मणिपाल में हुई कॉन्फ्रेंस में 270 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

**प्रदर्शनी** 76 वर्षीय कलाकार की कला देखकर मुग्ध हुए आर्ट लवर्स

## रामदेव, सीतारमन, पंकज उधास के चित्रों ने खींचा ध्यान

**बेधड़क | जयपुर**

छिएत्तर वर्षीय कलाकार प्रताप कुमार भाटिया की कला को मोटिवेट किया गया तो वे भावुक नजर आए। मौका था जवाहर कला केंद्र में लगी प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि मुख्य न्यायाधीश एन. के. जैन (सेवानिवृत्त, सिक्किम उच्च न्यायालय) की विजिट का।

साथ में विशिष्ट अतिथि विनोद गुप्ता प्रबंध निदेशक श्रीकृष्ण स्टील रोलिंग मिल्स ने भी शिरकत की। इस मौके पर सभी ने भाटिया की कला की सराहना करते हुए उनके जज्बे व हुनर को सलाम किया। प्रदर्शनी सुरेख दीर्घा में रविवार तक सुबह 11 से शाम 7 बजे तक है। जहां 150 से अधिक पेंसिल स्केच प्रदर्शित किए जा रहे हैं। प्रताप भाटिया ने दोनों अतिथियों को विभिन्न विषयगत स्केच संग्रहों के बारे में बताया। दोनों ने रुचि दिखाई और प्रश्न पूछे।



### विलुप्त पक्षी के बारे में दी जानकारी

पक्षियों के संग्रह की उन्होंने सराहना की और विलुप्त पक्षी डोडो के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्मला सीतारमण, विपिन रावत सीडीएस, योगी रामदेव और पंकज उधास जैसी हस्तियों के स्केच पर चर्चा की। न्यायमूर्ति जैन ने 76 वर्ष की आयु में भाटिया की इस कल के प्रति गहरी रुचि की प्रशंसा की। इस बीच किशनगढ़ के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अग्रवाल परिवार के साथ प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंचे और रामलला, डोडो और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्केच देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

### अगले वर्ष लगेगी प्रदर्शनी

भाटिया ने बताया कि अगले वर्ष प्रदर्शनी लगाने की योजना अभी से है। विभिन्न थीम मानवीय चेहरे के विभिन्न भाव, बर्तन और उपकरण और भगवान गणेश के विभिन्न चित्रों के साथ प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।



जिसकी भुजाओं में दम न हो, उसके मस्तिष्क में तो कुछ होना ही चाहिए।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## नाइजीरिया में गिरी स्कूल की इमारत

# 22 छात्रों की मौत, 100 से ज्यादा घायल



- मरने वाले छात्रों की उम्र 15 साल से कम
- इमारत ढहने के बाद मलबे में 154 छात्र फंसे हुए थे
- 132 छात्रों को बचा लिया गया

**घायलों को भेजा गया अस्पताल**

स्कूल की दीवार ढहने से कई लोग घायल हो गए हैं। हादसे के बाद कर्मचारी खुदाई करके मलबे को हटा रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को भी घटनास्थल पर तैनात किया गया। वहीं रेस्क्यू के दौरान दर्जनों ग्रामीण स्कूल के पास जमा हो गए जो रोते-रोते मलबे में दबे अपने परिजनों को पहचानने की कोशिश कर रहे थे। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**एजेंसी** | अबुज

पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजीरिया की राजधानी अबुज में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां चलती क्लास के दौरान स्कूल की इमारत ढह गई। इस हादसे में 22 छात्रों की मौत हो गई। साथ ही 100 से भी ज्यादा छात्र घायल हो गए हैं।

हादसे के बाद मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम किया जा रहा है। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि बचाव और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही



सुरक्षा बलों को भी घटनास्थल पर तैनात किया गया है। लोगों को रेस्क्यू किया जा रहा है। इमारत ढहने के बाद मलबे में 154 छात्र फंसे हुए थे, लेकिन उनमें से 132 छात्रों को बचा लिया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### पहले भी हुआ हादसा

अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में इमारतों का गिरना बहुत आम बात है। पिछले दो सालों में ऐसे कई मामले आ चुके हैं। अधिकारी अक्सर ऐसी आपदाओं के लिए भवन सुरक्षा नियमों को लागू करने में विफलता और खराब रखरखाव को जिम्मेदार ठहराते हैं।



## इजराइल ने गाजा पट्टी में फिर बरपाया कहर

# 71 लोगों की मौत

**एजेंसी** | तेल अवीव

बीते नौ महीने से इजराइल और हमास के बीच जंग चल रही है। इजराइल ने हमास को खत्म करने की दृढ़ प्रतिज्ञा ली है। यह प्रतिज्ञा गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रही है। गाजा में इजराइली सेना की कार्रवाई लगातार जारी है। इस बीच खबर आई है कि इजराइल ने एक बार फिर से गाजा पट्टी पर भीषण हमला किया है। इस हमले में हमास की सैन्य टुकड़ी के प्रमुख मोहम्मद दईफ समेत 71 लोगों की मौत हुई है, जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए हैं।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी है। उधर, इजराइली अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने हमास की सैन्य टुकड़ी के प्रमुख मोहम्मद दईफ पर निशाना साधा था।

इजराइल ने गाजा पट्टी के खान यूनिस क्षेत्र में यह हमला किया है। इजराइली अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने दईफ के ठिकानों पर हवाई हमला किया। मोहम्मद दईफ को इजराइल में सात अक्तूबर 2023 में हुए हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है।



### वांछितों की सूची में रखा था दईफ को

इजराइल ने दईफ को बीते वर्ष से मुख्य वांछितों की सूची में रखा था। माना जाता है कि दईफ के नेतृत्व में हमास ने इजराइल पर कई बार हमला किया। उधर, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इजराइली हमले में 289 लोग घायल हुए हैं। जानकारी दी गई है कि कई घायलों और मृतकों को खान यूनिस क्षेत्र के नास्सेर अस्पताल में ले जाया गया है। हालांकि, इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है कि इजराइली सैन्य बल (आईडीएफ) ने यह हमला मुवासी से किया है या नहीं।

### 7 अक्टूबर 2023 से शुरू हुई थी जंग

हमास ने सात अक्टूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इजराइल और गाजा में कुल मिलाकर 38000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।


## बाइडेन की पार्टी में बढ़ी टेंशन

# मस्क ने दिया ट्रंप की पार्टी को चंदा

**एजेंसी** | वाशिंगटन

दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को ध्यान में रखते हुए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के सपोर्ट के लिए एक बड़ी धनराशि दी है। मस्क की तरफ से यह दान तब दिया गया, जब ट्रंप ने अपने प्रतिद्वंदी जो बाइडेन को चुनावी रेस में पीछे छोड़ दिया है।

बाइडेन की फिटनेस पर लगातार सवाल उठ रहे हैं लेकिन बाइडेन पीछे हटने को तैयार नहीं है। ऐसे में जानकारों का मानना है कि अगर बाइडेन पीछे नहीं हटे तो ट्रंप को इससे फायदा होगा। मस्क ने अभी तक 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में किसी भी उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया था।



### चंदे में बाइडेन से आगे ट्रंप

मस्क की मदद के बाद ट्रंप अपने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन से चंदा जुटाने के मामले में आगे निकल गए हैं। यह दिखाता है कि कॉर्पोरेट का भरोसा अब ट्रंप की तरफ जा रहा है। 27 जून की बहस के बाद बाइडेन का चंदा उगाही का कार्यक्रम लगभग ठप पड़ गया है।

### पीएसी नामक समूह को जमा कराई राशि

सूत्रों के अनुसार मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी अभियान का हिस्सा अमेरिका पीएसी नामक एक लो-प्रोफाइल समूह को यह राशि दी है। यह स्पष्ट नहीं है कि मस्क ने कितनी राशि दी, लेकिन आंकड़ों के अनुसार यह एक बड़ी राशि है। पीएसी 15 जुलाई को अपने दानदाताओं की सूची का खुलासा करेगा। मस्क शुरुआत से यह कहते आ रहे हैं कि वह राजनीति से बाहर रहना पसंद करते हैं।

# पाक को IMF ने दी 7 बिलियन डॉलर देने की गारंटी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान को आखिरकार आईएमएफ से 7 बिलियन डॉलर का कर्जा देने की गारंटी मिल गई है। आईएमएफ की तरफ से शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि वह पाकिस्तान को उसकी जरूरत के अनुसार मदद करने के लिए तैयार हैं।

आईएमएफ ने कहा कि पाकिस्तान को आर्थिक रूप से मजबूत और अधिक व्यापक बनाने की लिए इस पैकेज की जरूरत है, इससे पाकिस्तान में अधिक समावेशी और लचीले विकास की संभावना बनेगी, जो कि एक बेहतर पाकिस्तान के लिए जरूरी है। पाकिस्तान की शहबाज सरकार पिछली साल जून में आईएमएफ के दरवाजे पर पहुंची थी। जिसके बाद आईएमएफ ने कई प्रकार के सुधारों की लिस्ट थमा दी थी, जिसे पूरा करने के बाद ही बेल आउट पैकेज मिलने की संभावना थी। पाकिस्तान ने अपने बजट में कई तरह के सुधारों के प्रयास किए और लोगों के ऊपर टैक्स लगाकर आईएमएफ को मनाने की कोशिश की थी।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl